# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 13 अगस्त 2025

संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 4 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 340, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ अलविदा रजिस्टर्ड डाक : एक युग की खामोश विदाई

राधिका आप्टे ने माना बॉलीवुड और हॉलीवुड में बड़ा फर्क ◂ 6


# चाईबासा में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर, एक नक्सली ढेर



**संवाददाता**

**चाईबासा:** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों ने यह एनकाउंटर किया है। सिंहभूम जिले के गोइलकोरा पुलिस थाना क्षेत्र के सौता इलाके में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुए। इस ऑपरेशन में एक माओवादी को मार गिराया गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मारा गया माओवादी सीपीआई (माओवादी) संगठन का सदस्य था।

इस मामले की जानकारी देते हुए कोल्हान के आईजीपी मनोज कौशिक ने बताया कि सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच फायरिंग शुरू हुई थी। इस फायरिंग के दौरान माओवादी संगठन का एक सदस्य मारा गया है। कोल्हान के डीआईजी ने बताया कि इस इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

मुठभेड़ के बाद मारे गए माओवादी के ठिकाने से सुरक्षाबलों ने हथियार भी बरामद किए हैं।चाईबासा पुलिस के साथ इस अभियान में कोबरा 209 बटालियन के जवान भी शामिल थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सलियों ने इलाके में गोला-बारूद छिपा रखा है। इसके बाद 7 अगस्त से पूरे क्षेत्र में विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है।स्वतंत्रता दिवस के दौरान नक्सली गतिविधियों से गड़बड़ी फैलाने की आशंका को देखते हुए सुरक्षाबल पहले से ही अलर्ट पर थे। इसी दौरान बुधवार सुबह जंगल में तलाशी के क्रम में मुठभेड़ हुई। फिलहाल, इलाके में सर्च अभियान जारी है और सुरक्षाबलों ने आसपास के क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी है।

# खाटूश्याम से लौटते श्रद्धालुओं की पिकअप को कंटेनर ने मारी टक्कर, 11 की मौत

## मुख्यमंत्री ने जताया शोक



**दौसा :** राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में 11 लोगों की जान चली गई। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के एटा जिले के रहने वाले थे और खाटूश्यामजी के दर्शन करके घर लौट रहे थे। हादसे में 7 मासूम बच्चे और 4 महिलाएं अपनी जान गंवा बैठे। पुलिस के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 3:30 बजे सैंथल थाना क्षेत्र के बापी गांव के पास हुआ। श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप में सवार अधिकांश लोग सड़क पर गिर गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

**खून और बिखरे सामान का मंजर :** हादसे के बाद घटनास्थल पर दिल दहला देने वाला नजारा था। सड़क पर जगह-जगह खून फैला हुआ था, चारों तरफ जूते-चप्पल और श्रद्धालुओं के सामान बिखरे पड़े थे। पिकअप में 22 से ज्यादा लोग सवार थे, जिनमें से 10 ने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि एक घायल ने जयपुर के सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में इलाज के दौरान जान गंवा दी।

**मृतकों की पहचान :** मृतकों में पूर्वी (3), प्रियंका (25), दक्ष (12), शीला (35), सीमा (25), अंशु (26) और सौरभ (35) शामिल हैं। चार अन्य मृतकों की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है।

**गंभीर घायलों का इलाज जारी :** दौसा के जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। एसएमएस में भर्ती घायलों में लक्ष्य (5), नैतिक (6), रीता (30), नीलेश कुमारी (22), प्रियंका (19), सौरभ (28), मनोज (28) और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं।

**मुख्यमंत्री ने जताया शोक :** सीएम ने पर लिखा दौसा में भीषण सड़क हादसे में जनहानि का समाचार अत्यंत दुःखद है।जिला प्रशासन को घायलों का त्वरित एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## रांची के एक बड़े होटल में रेड, जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए 10 लोग

**रांची:** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक बड़े होटल में शहर के कई सफेदपोश जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़े गए हैं। डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

**10 हिरासत में, करीब 3 लाख की नकदी बरामद :** रांची के कुछ सफेदपोश राजधानी के सबसे बड़े होटल में कमरे बुक कराकर जुए का धंधा चला रहे थे। सूचना मिलने के बाद रांची पुलिस ने अचानक होटल में छापेमारी की, जहां से 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मौके से 3 लाख से अधिक की नकदी भी बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, होटल के दो कमरे बुक कराकर जुए का धंधा चलाया जा रहा था। इसी बीच, डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को इस अवैध धंधे की गुप्त सूचना मिली। मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने रांची के सिटी एसपी, सिटी डीएसपी, चुटिया थाना प्रभारी और कई अन्य थानों की टीम को होटल में रेड के लिए भेजा। पुलिस की रेड के बाद होटल में हड़कंप मच गया, लेकिन पुलिस ने होटल को इस तरह घेर रखा था कि जुआ खेल रहे सभी लोग पकड़े गए।

**बेईमानी भी हो रही थी :** सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि रांची के सबसे बड़े होटल में कमरे बुक करके अवैध जुआ चल रहा था, साथ ही हिडन कैमरा लगाकर एक-दूसरे के साथ बेईमानी भी की जा रही थी। रांची पुलिस ने हिडन कैमरा भी जब्त कर लिया है।

**पूछताछ जारी :** डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि होटल में जुआ अड्डा संचालित होने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। मौके से 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है, सभी से पूछताछ की जा रही है। मामले के सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा।

## बलूचिस्तान में संदिग्ध बलूच लड़ाकों ने की नाकाबंदी

# सैन्य वाहनों पर धावा, पाकिस्तान की सेना ने यात्री बसों को रोका

**क्वेटा (बलूचिस्तान) :** बलूचिस्तान में संदिग्ध बलूच लड़ाकों ने कई राजमार्गों पर नाकाबंदी कर पाकिस्तान की सेना के सामने चुनौती पैदा कर दी है। लड़कों ने कई सैन्य वाहनों पर धावा बोलकर हथियार छीनने का दावा भी किया है। स्थानीय लोगों का दावा है कि पाकिस्तान की सेना ने रास्ते में बेवजह यात्री बसों को रोककर परेशान किया।

द बलूचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, स्थानीय सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संदिग्ध बलूच लड़ाकों ने बलूचिस्तान के खुजदार जिले के जेहरी कस्बे के आसपास के राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। इस दौरान एक प्रमुख सड़क को नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की सैन्य टुकड़ियों पर घात लगाकर हमला किया ।

सूत्रों के अनुसार, सशस्त्र लड़ाकों ने मुख्य राजमार्गों पर तीन अलग-अलग जगहों पर नाकेबंदी की। सेना की आवाजाही रोकने के लिए सुन्नी-नूरगामा सड़क को भारी मशीनरी और बुलडोजरों से नष्ट कर दिया गया। गाजान और मश्क क्षेत्रों से आगे बढ़ रहे सैनिकों पर हमला किया। हमले में सुरक्षाकर्मियों के हताहत होने की खबरें हैं।

लड़ाकों ने गाजान के जुल्फिकाराबाद के कुचो में एक अन्य हमले में आठ सैन्य वाहनों को रोक लिया। इसके बाद तीन वाहनों को नष्ट कर दिया। दो अन्य को हथियारों सहित जब्त कर लिया गया। सूत्रों ने बताया कि पिछले 24 घंटों से कई सैन्यकर्मी लड़ाकों से घिरे हुए हैं। जालकान से पैदल आ रहे सैनिक कथित तौर पर स्पेडिक क्षेत्र में एक नदी के किनारे मंगलवार शाम तक घिरे हुए थे। मंगलवार सुबह ड्रोन और हेलीकॉप्टरों का उपयोग कर सैनिकों को निकालने के प्रयास कथित तौर पर विफल रहे।

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि सेना ने कराची से मकरान जा रही दर्जनों यात्री बसों को उथल जीरो पॉइंट पर रोक दिया। इससे केच और ग्वादर जिलों की ओर जाने वाले पुरुष, महिलाएं और बच्चे आधे रास्ते में घंटों फंसे रहे। इन बसों को आधिकारिक यात्रा समय का पालन न करने के आरोप में रोका गया है। आसपास के लोगों ने कहा कि हजारों यात्री, जिनमें बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं और बीमार लोग शामिल हैं, भीषण गर्मी में फंसे रहे। लोगों का आरोप है कि पहले यात्रियों को सुरक्षा जांच के बहाने कई चौकियों पर लंबा इंतजार करना पड़ता था, वहीं अब यात्रा पर लगी रोक ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है।

## डोनबास से सेना नहीं हटाएगा यूक्रेनः जेलेंस्की

**कीव :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वे रूस के उस प्रस्ताव को खारिज करेंगे, जिसमें यूक्रेन से पूर्वी डोनबास क्षेत्र से अपनी सेनाएं हटाने की मांग की गई है। जेलेंस्की ने कहा कि ऐसा करने से यूक्रेन अपनी मजबूत रक्षा रेखाएं खो देगा और रूस को आगे के आक्रामक अभियानों के लिए खुला रास्ता मिल जाएगा।

राष्ट्रपति ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा केवल तब हो सकती है जब रूस युद्धविराम के लिए सहमत हो और यूक्रेन के लिए ठोस सुरक्षा गारंटियां उस चर्चा का हिस्सा हों। उन्होंने जोर दिया कि यूक्रेन से संबंधित किसी भी बातचीत में यूक्रेन की भागीदारी अनिवार्य है।

जेलेंस्की के अनुसार, रूस का मौजूदा प्रस्ताव यह है कि वह यूक्रेन के अन्य क्षेत्रों में अपनी सैन्य प्रगति रोक देगा, बशर्ते कीव डोनबास क्षेत्र से अपनी सेनाएं पीछे हटा ले। डोनबास में डोनेट्स्क और लुहान्स्क क्षेत्र शामिल हैं, जहां 2022 से युद्ध तेजी से जारी है।

राष्ट्रपति ने बताया कि वर्तमान में यूक्रेन डोनेट्स्क क्षेत्र का लगभग 30 फीसदी हिस्सा, यानी करीब 9,000 वर्ग किलोमीटर भूमि, पर नियंत्रण बनाए हुए है। इस क्षेत्र में यूक्रेनी सेनाओं ने मजबूत किलेबंदी और रणनीतिक ऊंचाइयों पर नियंत्रण स्थापित किया हुआ है, जो रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यूक्रेन ने डोनबास से अपनी सेना हटा ली, तो रूस को जापोरिज्झिया और ड्नीप्रो क्षेत्रों तक सीधा रास्ता मिल जाएगा। इससे खारकीव पर भी खतरा बढ़ जाएगा।

जेलेंस्की ने कहा, ₹क्षेत्रीय मुद्दों को सुरक्षा गारंटियों से अलग नहीं किया जा सकता।₹ उनका यह बयान यूक्रेन की इस नीति को दोहराता है कि कोई भी समझौता उसकी संप्रभुता और रक्षा क्षमताओं से समझौता नहीं कर सकता। उल्लेखनीय है कि जेलेंस्की का यह बयान उस समय आया है जब आगामी शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में शिखर बैठक प्रस्तावित है। ट्रंप ने हाल में संकेत दिया था कि किसी संभावित शांति समझौते में क्षेत्रीय अदला-बदली भी शामिल हो सकती है।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल, बिहार पुलिस भी परेड में शामिल



**संवाददाता**

**रांची:** स्वतंत्रता दिवस के लिए बुधवार को रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले मुख्य समारोह से पहले रिहर्सल का यह आखिरी दिन है, जिसमें सभी प्लाटून फुल ड्रेस रिहर्सल करती हैं। बुधवार को आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल में रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री और सीनियर पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने परेड की सलामी ली।

**डीसी और एसएसपी ने लिया हिस्सा :** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित होना है। इस बार झारखंड के राज्यपाल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराएंगे। ऐसे में बुधवार को रांची के आईजी मनोज कौशिक, डीसी और एसएसपी की देखरेख में सभी प्लाटून ने फुल ड्रेस रिहर्सल में हिस्सा लिया। ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में 15 अगस्त को होने वाले मुख्य समारोह में हर कार्यक्रम का आयोजन कैसे होगा, इसका अभ्यास किया गया।

उदाहरण के लिए, मंच पर मुख्य अतिथि और अन्य वीआईपी अतिथियों के बैठने की व्यवस्था क्या होगी, मुख्य अतिथि वीरता पदक से सम्मानित पुलिस अधिकारियों को पदक कैसे प्रदान करेंगे, इन सबका अभ्यास किया गया। डीआईजी सह एसएसपी रांची ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने समारोह में आने वाले सभी आगंतुकों की गहन जांच करने और इस बात का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया कि कोई भी अवांछित व्यक्ति आपत्तिजनक सामग्री लेकर समारोह स्थल में प्रवेश न कर सके।

**बिहार पुलिस भी परेड में ले रही है हिस्सा :** झारखंड पुलिस की विभिन्न शाखाओं के अलावा, इस बार बिहार पुलिस भी 15 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में हिस्सा ले रही है। बिहार पुलिस के साथ, कुल 14 बटालियन परेड में हिस्सा लेंगी। इनमें सीआईएसएफ, आईटीबीपी, झारखंड जगुआर, जैप 1, जैप 10, एसएसबी, एनएनसी स्काउट, रांची पुलिस (महिला और पुरुष बटालियन) और होमगार्ड शामिल हैं।

**राज्यपाल फहराएंगे तिरंगा :** राज्यपाल संतोष गंगवार 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मोरहाबादी में ध्वजारोहण करेंगे। मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन में कोई चूक न हो, इसके लिए 200 पुलिसकर्मियों के साथ 50 से अधिक दंडाधिकारी तैनात रहेंगे और सादे कपड़ों में भी जवान तैनात रहेंगे। डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में पदक प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही, एक नई परंपरा के तहत अब दूसरे राज्यों की पुलिस भी परेड में शामिल होने लगी है। इसी के तहत इस बार बिहार पुलिस झारखंड की परेड में शामिल हो रही है। अधिकारियों और जवानों को ब्रीफिंग दी गई।

समारोह की सुरक्षा और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रतिनियुक्त पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की एक संयुक्त ब्रीफिंग भी की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक, उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त आदेश के मुख्य बिंदुओं को विस्तार से समझाया तथा सभी पदाधिकारियों को समय पर अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर सौंपे गए कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया। रांची डीसी भजन्त्री ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने कार्य, दायित्व एवं प्रतिनियुक्ति स्थल की पूरी जानकारी रखें तथा मुख्य अतिथियों का समय पर आगमन एवं प्रस्थान सुनिश्चित करें।

### मोरहाबादी मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लेने वाले विभिन्न प्लाटून निम्न हैं:

- सीआरपीएफ - एक प्लाटून
- आईटीबीपी - एक प्लाटून
- एसएसबी - एक प्लाटून
- सीआईएसएफ - एक प्लाटून
- झारखंड जगुआर - एक प्लाटून
- जैप-1 - एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी
- जैप-2 - एक प्लाटून
- जैप-10 - एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी
- रांची पुलिस (महिला) - एक प्लाटून
- होमगार्ड - एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी
- एनसीसी एसआर - एक प्लाटून (ब्वॉयज)
- एनसीसी - एक प्लाटून (गर्ल्स)
- रांची पुलिस (पुरुष) - एक प्लाटून
- बिहार पुलिस - एक प्लाटून

## उत्तर प्रदेश के जौनपुर में रोडवेज बस और ट्रक में सीधी टक्कर, पांच की मौत



**जौनपुर :** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में खेतासराय थाना क्षेत्र स्थित गुरैनी बाजार के मोड़ पर मंगलवार देररात रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में पांच यात्रियों की मौत और कई लोग घायल हो गए। इनमें सात गंभीर रूप से घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। एक को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ जिला अस्पताल पहुंचे। घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को समुचित उपचार के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि एक रोडवेज बस वाराणसी से शाहगंज जा रही थी। बस गलत दिशा से चल रही थी और अचानक एक ट्रक से टकरा गई। घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जिसमें दो पुरुष एक महिला और एक बच्चा शामिल है। उपचार के दौरान एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। । पुलिस ने एक मृतक की पहचान देवी प्रसाद (32) पुत्र हरिहर प्रसाद निवासी पटईला खुटहन के रूप में की है। बाकी की शिनाख्त की जा रही है। घायलों में मनोज कुमार पुत्र रामचंद्र गुरैनी खेतासराय, देवी प्रसाद पुत्र हरिहर प्रसाद पुत्र हरिहर प्रसाद निवासी पटेल खुटहन सरस्वती पत्नी मनोज निवासी गुणी खेतासराय उषा देवी पत्नी हरिश्चंद्र निवासी अरोड़ा आजमगढ़ हरिश्चंद्र पुत्र स्व रामबचन शर्मा निवासी आजमगढ़ प्रदीप मिश्रा पुत्र श्रीनारायण मिश्रा निवासी खुटहन शाहगंज रविंद्र कुमार पुत्र विश्राम शाहगंज सरिता पत्नी रमेश निवासी मेहंदीपुर शाहगंज राज पुत्र मनोज निवासी गुरैनी खेतासराय विनोद सरोज पुत्र छोटेलाल निवासी खुटहन एत्मादपुर, भोले पुत्र सत्यनारायण निवासी मोतीहार बिहार चंदन पुत्र हरिश्चंद्र निवासी रुदौली सनी कुमार साहू पुत्र कमला प्रसाद साहू निवासी खेतासराय रामपाल पुत्र बलराज निवासी गोदना खेतासराय सुनो पुत्र रामपलट निवासी गोदना रविंद्र प्रसाद पुत्र बद्री प्रसाद निवासी गोदना अशोक साकेत पुत्र लाल चंद्र निवासी रीवा मध्य प्रदेश जीतू पुत्र छोटेलाल निवासी रीवा मध्य प्रदेश शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

**रांची :** झारखंड के महान नेता, आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों के मसीहा शिबू सोरेन हमारे बीच नहीं हैं। 4 अगस्त 2025 को 81 वर्ष की आयु में दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में गुर्दे की बीमारी से लंबी अस्वस्थता के बाद उन्होंने इस नश्वर संसार को अलविदा कह दिया। शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को रामगढ़, झारखंड के नेमरा गाँव में एक संथाल आदिवासी परिवार में हुआ। उक्त बातें मौलाना राशिद सैफुल्लाह महासचिव खालिद बिन वलीद हेल्थ एंड एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट ने कहीं। मौलाना ने कहा कि शीबू सोरेन ने झारखंड की जनता के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। 1972 में झारखंड मुक्ति मोर्चा (खटट) की स्थापना करके उन्होंने आदिवासी अधिकारों, जमीन, जंगल और पानी की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनके अद्वितीय संघर्ष के परिणामस्वरूप 15 नवंबर 2000 को झारखंड, बिहार से अलग एक राज्य बना, जिससे आदिवासी, दलित और मुस्लिम समुदायों को सामाजिक और आर्थिक लाभ प्राप्त हुए। शिबू सोरेन तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री और केंद्रीय कोयला मंत्री रहे। उनकी सादगी और जनसंपर्क ने उन्हें हर वर्ग का प्रिय नेता बनाया। आज उनके पुत्र और वर्तमान मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन उनकी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और अल्पसंख्यक कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लिए व्यापक नीतियों के माध्यम से। वह झारखंड की जनता के राजनीतिक गुरु बन चुके हैं। हम उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। झारखंड के मुसलमान इस दुख में बराबर के सहभागी हैं। हम, खालिद बिन वलीद हेल्थ एंड एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और हमें विश्वास है कि हेमंत सोरेन उनके सपनों को पूरा करेंगे।

### खूंटी में सड़क हादसा: बाइक सवार की जान चली गई

**खूंटी :** सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर रोज किसी न किसी की जान सड़क दुर्घटना में चली जाती है। एक और दुखद घटना में मंगलवार की रात भगत सिंह चौक के पास हुई, जिसमें एक बाइक सवार की टक्कर में मौत हो गई।

मंगलवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे, 21 वर्षीय शीतल मोहन कश्यप खूंटी से तोरपा रोड होते हुए अपने गाँव बेलवादग जा रहा था। तभी भगत सिंह चौक स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने खड़ी एक पिकअप वैन से उसकी बुलेट बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में शीतल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक शीतल मोहन कश्यप, बेलवादग निवासी कृष्ण मोहन कश्यप के पुत्र थे। परिवार पर यह घटना गहरा सदमा पहुँचाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को उठाकर ले गई। बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसा रात साढ़े ग्यारह बजे हुआ था, लेकिन एंबुलेंस करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुँची। इस देरी में मौत को रोकने के मौके को खो दिया गया। खूंटी में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने चिंता बढ़ा दी है। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### किता नहर मरम्मत को लेकर सौंपा पत्र

**मुरी :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रांची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत में स्थित किता नहर बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी नहर है। यह किता और धुंधाजरा के बीच में करीब सात - आठ जगह टूट गया है, जिससे पानी खेतों में न जा कर गड्ढे में चला जाता है। सबसे ज्यादा तेलचिपा - धुंधाजरा के सामने खाई बन चुका है। पूरी नहर की स्थिति जर्जर है। नहर की खराब स्थिति को देखते हुए कार्यपालक अभियंता जल पथ प्रमंडल सिंचाई भवन रांची को पत्र लिख कर किता नहर को अतिशीघ्र मरम्मत करने की मांग की है। ताकि किसानों के खेत में पानी जा सके। उक्त जनकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने दी।

### कुरकुरे हत्याकांड: जेल से बाहर निकलते ही असलम हुआ फिर से गिरफ्तार

**रांची:** साहिल गिद्दी उर्फ कुरकुरे हत्या मामले में रांची पुलिस ने पूर्व पार्षद असलम को एक बार फिर से गिरफ्तार किया है। जमानत पर असलम रांची जेल से बाहर निकला ही था कि तभी उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। असलम पर जेल में रहते हुए साहिल गद्दी उर्फ कुरकुरे की हत्या की साजिश रचने का आरोप है।

**क्या है पूरा मामला :** रांची के हिंदपीढ़ी भट्टी चौक के पास रविवार को साहिल गद्दी उर्फ कुरकुरे की गोली मारकर हत्या मामले में पूर्व पार्षद मो असलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार असलम से पुलिस पूछताछ कर रही है। कुछ माह पहले हिंदपीढ़ी के अप्पू उर्फ इरशाद को बुरी तरह से पीटने के मामले में पूर्व पार्षद समेत उसके सभी भाई आरोपी बनाए गए थे। पुलिस की दबिश के बाद आरोपी असलम ने 26 जून को न्यायालय में सरेंडर किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। इस मामले में आठ अगस्त को हाईकोर्ट ने असलम को जमानत दी थी। मंगलवार को रीलिज ऑर्डर पहुंचने के बाद असलम जेल से बाहर निकला था। जिसकी जानकारी हिंदपीढ़ी पुलिस को मिल गई थी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस टीम पहले से ही जेल के बाहर मौजूद थी। जैसे ही असलम जेल से निकला, मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। बता दें कि पूर्व पार्षद के भाई मो आसिफ को पुलिस ने सोमवार को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**भट्टी चौक के पास हुई थी कुरकुरे की हत्या :** हिंदपीढ़ी भट्टी चौक के पास बाइक सवार अपराधियों ने साहिल गद्दी उर्फ कुरकुरे की रविवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया था। इस दौरान पूर्व पार्षद मो असलम का अमन कम्युनिटी हॉल और मुख्य आरोपी अरमान के घर पर हमला किया गया था। दोनों जगहों पर आक्रोशित भीड़ ने न सिर्फ तोड़फोड़ की बल्कि बुलेट बाइक समेत कई सामानों को आग के हवाले कर दिया था। आरोप है कि पूर्व परिषद असलम के इशारे पर ही कुरकुरे की हत्या करवायी गई है। रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि असलम को गिरफ्तार किया गया है। असलम का कुरकुरे हत्याकांड में क्या संलिप्ता है, इसकी जांच जारी है।

### सीएलएफ का तृतीय वार्षिक आमसभा संपन्न



**मुरी :** बंता आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड में तृतीय वार्षिक आम सभा (अल्लल्ल४' त्रील्ली१' टी३ल्लॅ) संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत से हुआ, जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर रांची जिला परिषद उपाध्यक्षा वीणा चौधरी मैडम, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप मुखिया सीमा देवी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस अमिता राहिल टुटी,सी सी पंचमी देवी,पीआरपी मोहन महतो,जी आर सी को ऑर्डिनेटर धर्मेंद्र महतो,सीएल एफ की अध्यक्ष शिला देवी, सचिव सावित्री देवी, कोषाध्यक्ष रामनवमी देवी,सभी कैडर तथा सभी ग्राम संगठन की पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संगठन की उपलब्धियों की सराहना करते हुए महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए और अधिक कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही संकुल संगठन से जुड़ कर हर सदस्य को विभिन्न आजीविका बढ़ावा गतिविधि कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।सभा में पिछले वर्ष की उपलब्धियों, वित्तीय रिपोर्ट, आय-व्यय विवरण और आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैंकर्स समिति बैठक

# बैंक फ्लैगशिप योजनाओं पर दें विशेष ध्यान : वित्त मंत्री



संवाददाता

**रांची:** राज्य के बैंकों में ऋण-जमा अनुपात में वृद्धि हुई है। इस साल जून 2025 यानी चालू वित्तीय वर्ष के पहले तिमाही में यह आंकड़ा 51.32% तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.54% की वृद्धि को दशार्ता है। यह वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक संकेत देता है। इस वृद्धि को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सराहना की है।

प्रोजेक्ट भवन में मंगलवार यानी 12 अगस्त को आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 92वीं बैठक में यह बातें सामने आई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्य में आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बैंकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का ऋणझजमा अनुपात वर्ष-दर-वर्ष बेहतर हो रहा है, जो सुखद संकेत है। उन्होंने वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत मिली उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में भी इसी गति और उत्साह के साथ लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बैंकों से कहा कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं के अंतर्गत वित्त पोषण पर विशेष ध्यान दें, ताकि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक ऋण और वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ सके। उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में सुधार कर इसे अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया और कहा कि इस प्रक्रिया में जहां भी सरकार की मदद की आवश्यकता हो, उसे उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में उरफ यानी कॉपोर्रेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड के उपयोग पर भी चर्चा हुई।

वित्त मंत्री ने कहा कि यह फंड केवल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित क्षेत्रों– महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, ग्रामीण विकास, जल संग्रहण, आपदा राहत, पुनर्वास तथा कला-संरक्षण में ही खर्च होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड के कई बैंकों द्वारा उरफ फंड का उपयोग संबंधित क्षेत्रों से हटकर किया गया है, जो कि उचित नहीं है।

बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सह एसएलबीसी झारखंड के अध्यक्ष पी. आर. राजगोपाल, विशेष सचिव वित्त विभाग संदीप सिंह सहित राज्य के सभी 24 जिलों के अग्रणी बैंकों के जिला प्रबंधक उपस्थित थे।

## हजारीबाग के बड़कागांव में ग्रामीण और एनटीपीसी पदाधिकारियों के बीच हिंसक झड़प



संवाददाता

**हजारीबाग:** जिले के बड़कागांव प्रखंड में ग्रामीण और एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारीयों के बीच हिंसक झड़प हो गई है। जिसमें कई पुलिसकर्मी, एनटीपीसी के पदाधिकारी और ग्रामीण घायल हुए हैं। बताया जाता है कि बादम कोल खनन परियोजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक के दौरान ग्रामीणों की ओर से अचानक पथराव शुरू हो गया। जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल घटना स्थल पर तैनात किया गया है। जिला मुख्यालय से अधिकारी भी घटना स्थल के लिए रवाना हुए हैं। वहीं घायलों को हजारीबाग अस्पताल बेहतर इलाज के लिए लाया गया है।

हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत महुगाई कला पंचायत के ग्राम सुकुल खपिया स्थित पंचायत सचिवालय में एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना के लिए ग्राम सभा प्रस्तावित थी। ग्राम सभा की सूचना पर भारी संख्या में गोंदलपुरा, बादम, राउत, पारा सहित अन्य गांव के ग्रामीण विरोध के लिए पहुंचे। अचानक भीड़ उग्र हो गई और ग्रामीणों और कंपनी के अधिकारियों के बीच झड़प हो गई। देखते ही देखते पथराव शुरू हो गया।

बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता के वाहन सहित कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना में कंपनी के अधिकारी और पुलिस के जवान घायल हुए हैं। घटना के बाद लोग इधर उधर भागते नजर आए। प्रशासन की टीम घटनास्थल पर कैंप किए हुए थे।

हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि बड़कागांव बादम कोल परियोजना एनटीपीसी के अधीन है। गोंदलपुरा, बादम और अंबाजीत गांव की जमीन का अधिग्रहण होना है। इसे लेकर बैठक हो रही थी। इसी दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है।

पांच पदाधिकारी घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। जिला प्रशासन का पहला दायित्व है कि वह पहले घायल कर्मियों का इलाज करवाए और इसके बाद कानूनी कार्रवाई भी असामाजिक तत्व के खिलाफ की जाएगी। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। घायलों का इलाज चल रहा है।

## शिबू सोरेन को नरेंद्र विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि



संवाददाता

**सिल्ली –** नरेंद्र मोदी विचार मंच युवा शाखा के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली विस क्षेत्र के निर्दलीय पूर्व प्रत्याशी धनपति महतो नेमरा पहुंचे और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और ढांढ़स बंधाया, बातचीत के दौरान वे भावुक हो गए और कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरे झारखंड के लोग आपके साथ है। श्री महतो ने कहा कि ब्रिटिश भारत के बिहार प्रांत के रामगढ़ जिले के नेमरा गाँव में जन्मे गुरुजी का योगदान हमेशा जनमानस के दिलों में जीवित रहेगा। गुरूजी के स्कूली शिक्षा के दौरान ही उनके पिता की हत्या साहूकारों द्वारा नियोजित गुंडों द्वारा कर दी गई थी, झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलन की शुरूआत 1973 में सोरेन और अन्य लोगों ने की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य मौजूदा बिहार राज्य के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों को मिलाकर एक अलग झारखंड राज्य का निर्माण करना था। यह लक्ष्य 2000 में हासिल हुआ। सोरेन ने औद्योगिक और खदान मजदूरों और क्षेत्र के अल्पसंख्यक लोगों का समर्थन हासिल करके जेएमएम के राजनीतिक आधार का सफलतापूर्वक विस्तार किया। वे 1987 में जेएमएम के अध्यक्ष बने।

## उपायुक्त ने विद्यालयों में कमजोर परीक्षा परिणाम व उच्च अनुपस्थिति पर जताई कड़ी नाराजगी



संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में जिले के 116 माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित साप्ताहिक रेल टेस्ट परीक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा में पाया गया कि 11 विद्यालयों में 75% से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। उपायुक्त ने इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कड़ी फटकार लगाई और विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही, कारण पृच्छा (स्पष्टीकरण) की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि आने वाली दो साप्ताहिक टेस्ट परीक्षाओं में परिणामों में अपेक्षित सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित प्रधानाध्यापकों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, समीक्षा में यह भी सामने आया कि जिले के 26 विद्यालयों में 70% से अधिक छात्र-छात्राएं साप्ताहिक टेस्ट परीक्षा में अनुपस्थित रहे। उपायुक्त ने ऐसे विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से भी कारण पृच्छा करने और उपस्थिति में सुधार के लिए ठोस पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि आगामी दो साप्ताहिक टेस्ट परीक्षाओं में उपस्थिति में सुधार नहीं होता है तो संबंधित प्रधानाध्यापकों की वार्षिक वेतन वृद्धि भी रोकी जाएगी।

उपायुक्त ने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी में जुटा निगम

**धनबाद:** 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर नगर निगम भी पूरी तैयारी में जुटा हुआ है। वहीं निगम ने महिला सहायता समूह के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर विशेष तैयारी की है। महिला समूह द्वारा 15 अगस्त के मद्देनजर तिरंगा झंडा समेत कई तरह के उत्पाद बनाए गए हैं। इन उत्पादों के स्टॉल नगर निगम परिसर में लगाए गए हैं, जहां लोग पहुंचकर तिरंगा झंडा समेत अन्य उत्पाद खरीद सकते हैं। महिला स्वयं सहायता समूह से महिलाओं को प्रोत्साहित करना और उनका मनोबल बढ़ाना मुख्य उद्देश्य है। नगर निगम परिसर में लगाए स्टॉल में सभी उत्पाद हस्त निर्मित हैं। जिसे स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने बनाया है। तिरंगा झंडा, हैंड बैग समेत कई तरह के उत्पाद यहां मौजूद हैं। जिसका इस्तेमाल लोग स्वतंत्रता दिवस पर कर सकते हैं।



नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त को लेकर निगम ने विशेष तैयारी की है। तिरंगे को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। 15 अगस्त को लोग अपने घरों में तिरंगा लगाएं, इसकी अपील की जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के द्वारा निर्मित तिरंगा, हेयर बैंड और बैग समेत अन्य उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। लोगों तक इनके उत्पाद आसानी से पहुंच सके, इसके लिए स्टॉल लगाया गया है। लोग अगर इन स्टॉल से उत्पाद खरीदेंगे तो महिलाओं की आय बढ़ेगी तथा महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध होंगी। नगर आयुक्त ने लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग स्टॉल पहुंचकर उत्पाद को खरीदें। वहीं महिला स्वयं सहायता समूह की टीम लीडर शाबाज जमीर ने कहा कि 15 अगस्त के मद्देनजर कई तरह के उत्पाद बनाए गए हैं। लेकिन हमारी महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पाद सालों भर बाजारों में उपलब्ध हैं। जो सामान बाजार में अधिक दाम पर उपलब्ध हैं, उससे कम दाम हमारे उत्पादों के हैं। जिन लोगों को जानकारी होती है, वह हमारे स्टॉल में सीधे पहुंचते हैं। वहीं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला पिंकी देवी ने कहा कि हम लोग जो उत्पाद बनाते हैं, उससे हमारी आय में वृद्धि होती है और यह उत्पाद बहुत टिकाऊ भी होते हैं।

# झारखंडवासियों के लिए खुशखबरी, राज्य को 2.22 लाख पीएम आवास की मिली सौगात



संवाददाता

**रांची:** खनिज संसाधनों से संपन्न होने के बावजूद गरीब राज्यों में शुमार झारखंड के लोगों के लिए अच्छी खबर आई है। केंद्र सरकार ने 2025-26 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य को 2 लाख 22 हजार 069 आवास की स्वीकृति दे दी है। यह जानकारी केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी है। इसके लिए कोडरमा की भाजपा सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्र सरकार के प्रति राज्य के जरूरतमंद नागरिकों की तरफ से आभार जताया है।

**किनको मिलेगा पीएम आवास ग्रामीण का लाभ :** खास बात है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को इस बाबत जारी आधिकारिक पत्र की कॉपी भी सौंपी है। यह स्वीकृति ह्यअंतिम आवास + 2018 सर्वेक्षण सूचीह्ण में दर्ज पात्र परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए दी गई है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी के लिए आवास के संकल्प को इससे और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 2024-25 से 2029 तक ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवास जरूरतों को पूरा करने के लिए योजना का विस्तार किया है, जिसके तहत झारखंड को यह विशेष आवंटन दिया गया है।

**पीएम आवास की जगह आई थी अबुआ आवास योजना :** बता दें कि केंद्र सरकार से पीएम आवास की राशि नहीं मिलने पर हेमंत सरकार ने अपने बूते अबुआ आवास योजना शुरू की थी। इसकी सुस्त रफ्तार से जुड़े ईटीवी भारत के सवाल पर विभागीय मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि केंद्र सरकार ने साल 2022 से 2024 तक पीएम आवास योजना का लाभ देना बंद कर दिया था। इस वजह से राज्य सरकार ने अपने बूते अबुआ आवास योजना की शुरूआत की। उनके मुताबिक साढ़े छह लाख स्वीकृत आवास में से करीब 1 लाख 20 हजार आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

15 नवंबर 2023-24 में 2 लाख अबुआ आवास बनाने का टारगेट था। इसकी तुलना में सिर्फ 84,708 परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत पक्का छत मिल गया। वहीं, साल 2024-25 में 4.50 लाख आवास निर्माण के टारगेट की तुलना में सिर्फ 53,946 लाभुक ही तीसरी किस्त का लाभ उठाकर छत की ढलाई कर पाए। इस सुस्ती के बीच पीएम आवास ग्रामीण के तहत 2.22 लाख आवास बनाने की स्वीकृति यहां के गरीबों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

# रांची में तिरंगा यात्रा में दिखा लोगों का राष्ट्र प्रेम

## नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई भाजपा नेता हुए शामिल



संवाददाता

**रांची :** पीएम मोदी के आह्वान पर राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत आज 13 अगस्त को रांची में महानगर भाजपा की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. राजधानी के मोरहाबादी मैदान से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए ।

इस यात्रा में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट भी हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तिरंगे को आन-बान और शान का प्रतीक बताया. उन्होंने कहा कि देश और दुनिया के लोग भी भारतीय सैनिकों और सेना के प्रति गर्व और सम्मान की भावना रखते हैं. उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा देश के वीर जवानों के सम्मान का एक माध्यम है।

इस अवसर पर सांसद आदित्य साहू ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश के वीर जवानों को याद करने का मौका मिलता है. प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर 10 से 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है. 13 से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा फहराया जाएगा।

**भारत माता के रूप में सजी बच्चियां बनीं तिरंगा यात्रा का आकर्षण :** महानगर भाजपा द्वारा आयोजित इस तिरंगा यात्रा का आकर्षण का केंद्र भारत माता के रूप में सजी बच्चियां रहीं. घोड़ों पर सवार होकर तिरंगा यात्रा पर निकली इन बालिकाओं की खुशी देखने लायक थी. इस दौरान राजधानी की सड़कें राष्ट्रीय ध्वजों से पटी रहीं और भारत माता की जय के नारे से गूंज उठीं, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। महानगर भाजपा द्वारा आयोजित यह तिरंगा यात्रा मोरहाबादी स्थित संकल्प शुक्ला पार्क से शुरू होकर कचहरी चौक, शहीद स्मारक चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंची, जहां श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद इसका समापन हुआ. तिरंगा यात्रा में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा नेता रमेश सिंह, महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

# एचएम प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता



**रांची :** आज एचएम प्ले स्कूल, द्वारिकापुरी, चुटिया में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमें प्री नर्सरी से वर्ग तीन तक के छात्र बहुत ही उत्साह के साथ राधा कृष्ण के परिधान पहन कर विद्यालय आये और पूरे विद्यालय परिसर को पीताम्बर वस्त्र से रंग दिए।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार द्वारा कृष्ण भगवान के जीवन से सम्बंधित बालपन के जीवनकाल को विस्तार से बतलाए,

सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा तेरी चुनरी बोल पर वर्ग प्रेप की आध्या रानी और राधा रानी बोल पर प्रेप की ही अंकिता कुमारी एकल नृत्य किये जबकि वर्ग प्रथम द्वितीय और तृतीय के लड़के लड़कियों द्वारा वो कृष्ण है और राधा कैसे न जले बोल पर सामूहिक नृत्य किये।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में वर्ग प्री नर्सरी से कृष्ण के रूप में हर्ष, प्रथम, पार्थ द्वितीय और अर्णव तृतीय जबकि राधा के रूप में प्रथम मैत्री, द्वितीय श्रेया और तृतीय वनशिखा रही। वर्ग नर्सरी में कृशांक, द्वितीय देवांश कुमार, तृतीय प्रिंस राज जबकि राधा के रूप में आशी कुमारी प्रथम शानवी द्वितीय और वैष्णवी तृतीय रही।

प्रेप वर्ग में शिवांश प्रथम, अर्पित द्वितीय और अनिरुद्ध तृतीय रहे जबकि राधा के रूप में आध्या रानी प्रथम, अनिका द्वितीय और आश्रिता तृतीय रही। वर्ग प्रथम में नितिन कुमार और तन्वी कुमारी, वर्ग द्वितीय के अक्षत कुमार प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय और निशांत कुमार तृतीय , रहे जबकि राधा के रूप में प्रेमा कुमारी प्रथम और नेहा कुमारी द्वितीय रही। वर्ग तृतीय हर्ष कुमार, श्रीधि कुमारी और अरव कुमार को सामुहिक रूप से चुना गया। अंतिम में सभी बच्चे दही हांडी मिल कर फोड़े, जिसमें टॉफी आदि सभी बांट कर खाये।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुप्रभा टोप्पो ने किया, जया मिश्रा द्वारा कहानी सुनाया गया, पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था मनीषा टोप्पो ने की, ज्योति कुमारी, शालू प्रिया, काजल चौरसिया , शिल्पी कुमारी , नीलिमा समद, एमलेन कंडुलना के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। अंतिम में विद्यालय द्वारा सभी बच्चों को शिक्षण सामग्री दिया गया। विजयी छात्रों को विशेष कार्यक्रम कर मेडल, मोमेंटो और सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया जायेगा।

## ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 208 वी जयंती मनाई गई

**रांची :** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 208 वी जयंती मनाई गई। मौके पर ठाकुर निवास बडकागढ़ जगन्नाथपुर में अमर शहीद के अदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

समारोह के मुख्य अतिथि जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव का स्वागत अमर शहीद के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने पुष्पगुछ देकर किया । सर्वप्रथम स्मारक स्तंम्भ मे जाकर शहीद की प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक सहाय, अतिथि के रूप में परमेश्वर सिंह, अनिल कुमार, निरंजन कुमार, मुख्तार अंसारी, अरुण कुमार, आशुतोष द्वेदी, बेबी कच्छप, चंदन कविराज ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। जगन्नाथपुर, मोसीबारी, हटिया, सिंहमोर, तुपुदाना एवम आदि से आए लोगों का बारी-बारी से स्वागत किया। ठाकुर साहब बड़कागढ़ इस्टेट श्री ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही शहादत स्मारक स्तंभ के सुंदरीकरण की मांग की।

परमेश्वर सिंह ने अमर शहीद के जीवनी को पाठ पुस्तकों में शामिल करने की बात कही साथ ही शहीद के मार्ग पर चलने की अपील की।

मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव वीर स्वतंत्रता सेनानी और झारखंड के छोटानागपुर राज परिवार के माटी पुत्र ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को स्वतंत्रता दिलाई। आज सरकार को चाहिए की शहीद के परिवार के सामाजिक, शैक्षणिक,स्वास्थ्य, रोजगार, शहीद के परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाए। स्मारक स्थल के सुंदरीकरण करने एवं शहीद के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव को हर सम्भव मदद करने की बात कही । उन्होने वृहत पैमाने में कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक सहाय, गुप्तेश्वर सिंह, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, राजू नायक, अरुण कुमार , परमेश्वर सिंह, चंदन कविराज, मुख्तार अंसारी, श्रीविजय सोनी, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, परशुराम सिंह, अमरदीप कौशल, राजन सिंह, इंदर गोप सहित अन्य शामिल थे।

## 15 अगस्त को बंद रहेंगी मांस मछली की दुकानें

**रांची :** रांची नगर निगम के उप प्रशासक ने मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर वधशालाएं और मांस, मछली, मुर्गा की दुकानों के लिए बंद रखने की सूचना जारी की गई। इसके साथ ही खरीद बिक्री पर भी रोक रहेगी। सूचना में कहा गया है कि यदि कोई दुकानदार या विक्रेता 15 अगस्त को इन सामग्रियों की बिक्री करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मोरहाबादी वेंडर्स को मिला नया ठिकाना

**रांची :** रांची नगर निगम ने मोरहाबादी इलाके के वेंडर्स को एक जगह पर व्यवस्थित करने के लिए बिजली ऑफिस के पास 1.36 करोड़ रुपए की लागत से नया वेंडर मार्केट तैयार किया है। पहले चरण में यहां 161 वेंडर्स को जगह मिल चुकी थी।

आज दूसरे चरण में भी आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो गई। नगर निगम कार्यालय के आठवें तल पर उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की मौजूदगी में ई-लॉटरी के जरिए वेंडर्स को उनके ठिकाने आवंटित किए गए।लॉटरी पूरी होने के बाद उप प्रशासक ने खुद अलॉटमेंट लेटर बांटे और वेंडर्स को बधाई दी। वहीं वेंडर्स ने भी खुशी जाहिर करते हुए निगम के अफसरों और कर्मचारियों को पारदर्शी प्रक्रिया के लिए धन्यवाद दिया।इस मौके पर सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, सूरज प्रकाश सिंह, नगर अभियान प्रबंधक, आईटी शाखा, एनयूएलएम शाखा के कर्मचारी और मोरहाबादी क्षेत्र के चुने गए वेंडर्स मौजूद थे।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारी जोरों पर

**रांची :** झालसा के निर्देश पर वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को होना सुनिश्चित हुआ है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समझौता पूर्व बैठक 14 जुलाई से शुरू हो चुका है, जो 12 सितंबर तक चलेगा। इसी के मद्देनजर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा भी तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी न्यायालयों से वादकारियों को नोटिस भेजने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 ने सभी न्यायिक अधिकारियों से वातार्लाप कर आगमी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहां कि अपने न्यायालय के माध्यम से पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित कर नोटिस का अधिक से अधिक तामिला कराएं, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके। सचिव रवि कुमार भास्कर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यरत सभी पीएलवी को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के पश्चात ग्रामीणों व जरूरतमंदों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में समुचित जानकारी दें, ताकि लोग जागरूक हो, वादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठा सके और अपने वादों का निस्तारण निःशुल्क करा सकें। ज्ञात हो कि 13 सितम्बर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के माध्यम से किया जाएगा।

# लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम का हुआ आयोजन



संवाददाता

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 322 ए के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन प्रेमशंकर मिश्रा (यूथ कैम्प एंड एक्सचेंज) के आह्वान पर लायंस क्लब ऑफ रांची हरीकणक ग्रेटर के तत्वावधान मे फर्स्ट वाईस प्रेसिडेंट लायन विजय पाठक की अध्यक्षता में एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल,सिमलिया,रांची में लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम किया गया,जिसमे स्कूल के बच्चों को उनके कानूनी अधिकार,पोस्को एक्ट एवं जुबिनल एक्ट के बारे में अधिवक्ता लायन सोनाली भट्टाचार्य (झारखंड उच्च न्यायालय)द्वारा बिस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही बच्चों के सभी प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए।

आज के इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश केडिया,पी.आर.ओ.लायन शिव किशोर शर्मा,लायन पूजा बंका,लायन स्वप्ना चटर्जी सहित स्कूल के निदेशक कार्तिक विश्ठाकर्मा,दयानंद विश्वकर्मा,प्राचार्य शोभा देवी एवम अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।यह जानकारी हरिकनक ग्रेटर क्लब के पी.आर.ओ शिव किशोर शर्मा ने दी है।



# राज्यपाल से प्रमंडलीय आयुक्त व डीसी ने की मुलाकात

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में अंजनी कुमार मिश्र, प्रमंडलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल एवं उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री ने मुलाकात की।

इस दौरान दौरान प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा माननीय राज्यपाल, झारखंड श्री संतोष कुमार गंगवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु आमंत्रित किया गया। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा से माननीय राज्यपाल को अवगत कराया गया।

## रांची कोर्ट से भैरव सिंह को नहीं मिली राहत, जमानत याचिका खारिज

**रांची :** हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को रांची सिविल कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने बुधवार को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। यह सुनवाई सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त की अदालत में हुई, जहां दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। भैरव सिंह की ओर से पेश अधिवक्ता कीर्ति सिंह ने कोर्ट से कहा कि उनके मुवक्किल को गलत तरीके से मामले में फंसाया गया है। वहीं, शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने अदालत को बताया कि भैरव सिंह पर रांची के कई थानों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, और जिस केस में गिरफ्तारी हुई है।

# चंद लोगों के सहारे चल रही देश की शासन व्यवस्था : कांग्रेस

**रांची :** लोकतंत्र के पहरेदार लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। भारत के लोकतंत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग के गठजोड़ ने पूरे विश्व समुदाय के समक्ष शर्मसार किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भारत का लोकतंत्र हमारे संविधान की नींव पर टिका है, इसी संविधान में एक व्यक्ति एक वोट का अधिकार दिया गया है। संविधान निमार्ताओं ने परिकल्पना की थी कि भारत के नेतृत्वकर्ता को चुनने में सबको समान अधिकार है। इस अधिकार की चोरी भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर कर रही है। लोकतंत्र में वोट का अधिकार जनता को सबसे ज्यादा ताकत देता है,यह ताकत जनता से छीनी जा रही है,वोट चोरी से भाजपा देश मे सत्ता हासिल कर रही है।

नरेंद्र मोदी ने देश को अराजक की स्थिति में खड़ा कर दिया है संस्थाएं मनमानी पर उतर रही हैं विपक्ष द्वारा सवाल उठाने पर नेताओं को हिरासत में लिया जा रहा है,नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं को जनता पर भरोसा नहीं था इसलिए चुनाव आयोग के साथ भाजपा ने गठबंधन किया जिसने वोट चोरी कर भाजपा को केंद्र और विभिन्न राज्यों में सत्ता प्राप्ति में सहयोग किया। राहुल गांधी ने सबूत के साथ वोट चोरी का खुलासा किया लेकिन चुनाव आयोग शपथ पत्र मांग रहा है लोकतंत्र का इससे बड़ा मजाक नहीं हो सकता। भारत के चुनावी प्रक्रिया की पूरे विश्व में मिसाल दी जाती थी परंतु आज हमारी चुनावी प्रक्रिया को विश्व जगत शक निगाह से देख रहा है नरेंद्र मोदी की सत्तालोलुपता ने देश की शाख को दाँव पर लगा दिया है। चुनाव आयोग अगर निष्पक्ष है तो इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट जारी करें,मतदान का सीसीटीवी फुटेज जारी करे ताकी जनता का भरोसा चुनाव पर कायम रह सके। उन्होंने कहा कि साफ सुथरी वोटर लिस्ट स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की नींव है,यह जनता का हक है लेकिन इस हक पर डाका डाला जा रहा है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था चोरी में अग्रिम भूमिका निभा रही है, इस वोट चोरी के खिलाफ जनता को खड़ा होना होगा,भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष करना होगा।वोट चोरी के खिलाफ राहुल गांधी ने जो युद्ध छेड़ा है उसे निर्णायक मोड़ पर पहुंचाना है।

## सीसीएल में कर्मचारियों के रिकॉर्ड होंगे डिजिटल

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में अब कर्मचारियों की सर्विस फाइलें कंप्यूटर पर रखी जाएंगी। इसके लिए आज स्पंदन सभागार में एक कार्यशाला हुई, जिसकी अध्यक्षता निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्रा ने की। कार्यशाला में महाप्रबंधक (मानव संसाधन/श्रमशक्ति) कविता गुप्ता, सभी क्षेत्रों और इकाइयों के स्टाफ अधिकारी, ईआरपी अधिकारी और नोडल अधिकारी शामिल हुए। बैठक में तय हुआ कि तय समय सीमा के भीतर सभी कर्मचारियों की सर्विस शीट्स को अपडेट कर डिजिटल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सर्विस शीट किसी भी कर्मचारी की पूरी नौकरी का रिकॉर्ड रखने का अहम दस्तावेज होता है। इसे डिजिटल करने से रिकॉर्ड में गड़बड़ियां खत्म होंगी और पेंशन, प्रमोशन, सीएमपीएफ जैसे मामलों का समाधान जल्दी और आसानी से होगा। इस मौके पर श्रमशक्ति टीम ने बताया कि यह काम कैसे किया जाएगा। वहीं एक्सेंचर टीम ने ईआरपी/एसएपी सिस्टम में डेटा अपलोड करने पर सहमति जताई। इससे सभी कर्मचारियों के रिकॉर्ड सुरक्षित, अपडेटेड और आसानी से उपलब्ध रहेंगे।


उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर–पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या : SNT-GSU-AII-2025-26-05 कार्य का नाम : S&T work in connection with- "Ranapratap Nagar - Provision of additional 02 passenger platform lines by converting existing goods shed at Ranapratap Nagar station in AII-COR section of Ajmer Division." अनुमानित लागत : रू. 3,42,06,617.25/- बयाना राशि : रू. 3,21,100.00/- ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय —04.09.2025 को 15.00 बजे ई निविदायें खोलने की तिथि व समय — 04.09.2025 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट का पता — www.ireps.gov.in 1005-DR/25

NWRailways NWRailways


### श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 16 व 17 को

# नमो दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा के लिए प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए

संवाददाता

**रांची :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा अलबर्ट एक्का चौक पर 16 व 17 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि समिति के द्वारा 14 बार यह महोत्सव मनाया जा चुका हैं। हम 15 वे वर्ष में प्रवेश कर रहे है।

प्रथम दिन 16 अगस्त को संध्या 4:00 बजे श्री कृष्ण के बाल गोपाल प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसमें श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बाल गोपाल बच्चे ,बच्चियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। श्री कृष्ण बाल रूप झांकी का उद्घाटन रांची की धार्मिक व सामाजिक सहित व्यापारिक संस्था के अध्यक्ष व सचिव सहित विशिष्ट अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

दूसरे दिन 17 अगस्त को संध्या 4:00 बजे नमो दही हांडी-फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाट्य के मंचन सहित देश भक्ति के गीत का आयोजन रखा गया है। नमो दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष व महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। दही हाडी प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन के साथ कुछ नियम और शर्तें भी रखी गई है। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया पुरुष गोविंदा को 1 लाख एक रुपए का प्रथम पुरस्कार वहीं 41 हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा।

साथ ही महिला गोविंदा को 51हजार रुपये प्रथम पुरस्कार साथ ही 21हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। एक से ज्यादा टीमों के गोविंदा द्वारा हांडी फोडे जाने पर कम समय में हांडी फोड़ने वाले गोविंदा टीम को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार दिए जाएंगे। बाल गोपाल झांकी में भाग लेने वाले बच्चे और बच्चियों की उम्र 12 वर्ष से कम होनी चाहिए। साथ ही साथ प्रथम, द्वितीय पुरस्कार के अलावा सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार आयोजन समिति की ओर से दिया जाएगा।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, रॉंची
( जिला समाज कल्याण अन्तर्गत )

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 11/2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,रॉंची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि / स्थान :– दिनांक 18.08.25 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, रॉंची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि / स्थान :– दिनांक 19.08.25 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 19.08.25 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 सं0 / ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि / प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | राहे | राहे प्रखण्ड के पोगड़ा में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के टुण्डूल में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के पुन्दाग में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के चिपरा में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के खूटा में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 6 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के हरही में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 7 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के सिंघपूर में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 8 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के बालालौंग में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 9 | ओरमांझी | ओरमांझी प्रखण्ड के गुड़ू में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 10 | ओरमांझी | ओरमांझी प्रखण्ड के जवडीहा कुर्मी टोला में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 11 | ओरमांझी | ओरमांझी प्रखण्ड के बरतुआ में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 12 | ओरमांझी | ओरमांझी प्रखण्ड के बारीडीह पश्चिम में आंगबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 11,08,200.00 | 22,500/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |

Note : कार्य अनुभव प्रमाण पत्र अन्तिम 3 वर्ष का Affidavite के साथ ।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, रॉंची

PR.NO.359454 NREP(25-26):D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## कुदरत का कोहराम

मानसून की दस्तक के साथ ही हिमाचल व उत्तराखंड में दरकते पहाड़ व रौद्र रूप दिखाती नदियां चिंता बढ़ाने वाली हैं। कुदरत के कहर के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाए होते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। गाहे-बगाहे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर गिरकर यातायात को अवरुद्ध कर देता है। यात्रियों के जीवन पर हर समय संकट बना रहता है। हिमाचल की ही तरह से कुदरत के कोहराम से उत्तराखंड भी बुरी तरह त्रस्त है। भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी व पिंडर आदि नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरने की घटनाएं बढ़ने से यात्रा कुछ समय के लिये स्थगित की गई है। बार-बार भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों के कटने से सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। कई गांवों को जोड़ने वाली सड़कें बह गई हैं। बादल फटने की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री जाने वाले मार्ग जगह-जगह बाधित हैं। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। सामान्य जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई मोटरमार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हुए हैं। कई छोटे पुल बह गए हैं। कई निचले स्थानों से लोगों को हटाया गया है। कुल मिलाकर लाखों लोगों को अतिवृष्टि ने बंधक बना दिया है। निश्चित रूप से तेज बारिश और उसके प्रभाव इंसानी नियंत्रण से बाहर होते हैं। लेकिन इसके बावजूद पहाड़ी इलाकों में विकास के मॉडल पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। पहाड़ अध्यात्म के केंद्र भी रहे हैं, उन्हें पर्यटकों की विलसिता का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए। हमें अपेक्षाकृत नये हिमालयी पहाड़ों और उसके परिस्थितिकीय तंत्र के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। ज्यादा मानवीय हस्तक्षेप से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और नदियों का बढ़ा जल संकट का कारण भी बन रहा है।

## शुभमन जीत

सही मायनों में, दिग्गज क्रिकेटरों की अनुपस्थिति में युवा भारतीय क्रिकेटरों ने इंग्लैंड की धरती पर नया इतिहास रचा है। ओवल टेस्ट में उन्होंने इंग्लैंड के मुंह से जीत छीन ली। जो मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, उसे अपनी जीत में बदल दिया। लगातार रोमांचक होते मैच को जीतकर टीम ने न केवल मैच जीता बल्कि शृंखला को भी दो-दो से बराबरी पर ला खड़ा किया। युवा तुर्कों ने उन तमाम क्रिकेट पंडितों की भविष्यवाणियों को बेकार साबित किया, जो इंग्लैंड टीम द्वारा शृंखला जीतने के दावे कर रहे थे। ओवल टेस्ट के अंतिम क्षणों में मोहम्मद सिराज ने तो मैच का पासा ही पलट दिया। मैच के रोमांच ने बताया कि क्यों क्रिकेट पंडित टेस्ट क्रिकेट को असली क्रिकेट की संज्ञा देते हैं। भारत के धुरंधर क्रिकेटरों के बिना इंग्लैंड के खिलाफ उतरी इस टीम ने कई इतिहास रचे, कई रिकॉर्ड तोड़े और नये रिकॉर्ड बनाए। भारतीय क्रिकेट के पिछले 93 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि किसी शृंखला में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने चार सौ से अधिक रन बनाए हों। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारतीय खिलाड़ियों ने ये रन तेज गति व उछाल लेती पिचों के बीच बनाये। उन्होंने पूरे दमखम के साथ तेज ब्रिटिश गेंदबाजों का मुकाबला किया। दरअसल, लीड्स व लॉर्ड्स के मैच भारतीय टीम को करीबी मुकाबले में खोने पड़े अन्यथा टीम शृंखला भी जीत सकती थी। कप्तान शुभमन गिल की इसलिए भी तारीफ करनी होगी कि उन्होंने विदेशी पिच पर कप्तानी के दबाव के बीच भरपूर व सर्वाधिक रन बनाये। कई रिकॉर्ड्स उनकी सफल कप्तानी के गवाह हैं। मोहम्मद सिराज ने निर्णायक भूमिका निभाते हुए न केवल अंतिम कीमती विकट लिए बल्कि पूरे मैच में नौ विकेट लेने के कारण ह्यमैन ऑफ द मैचह्न भी बने। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने भी दोनों पारियों में चार-चार विकेट लेकर अपने नाम के अनुरूप प्रसिद्धि हासिल की। ओवल मैच में यशस्वी जायसवाल,आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन के बल्लों से निकले रन भी इस जीत में खूब काम आए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने यह भी साबित किया कि वह विदेशी धरती में, विषम परिस्थितियों में व नामचीन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जीत की इबारत लिख सकती है। लगता है जूझते हुए आसन्न हार को जीत में बदलने का हुनर भी टीम ने सीख लिया। जीत के जुनून को हर समय महसूस किया गया। संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज बने शुभमन गिल के बल्ले से खूब रन बरसे। वे इस शृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। यदि वे बीस रन और बना पाते तो एक शृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने के सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। वहीं शृंखला में मोहम्मद सिराज नये सितारे बनकर उभरे और उन्होंने सिरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लिए। निस्संदेह, यह रोमाचक शृंखला टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में एक बेहतरीन शृंखला रही। पांचों टेस्ट मैचों में भारतीय टीम जीत के लिये जूझती नजर आई। शुभमन गिल कहीं से नहीं लगे कि वे एक नये कप्तान हैं। वे विराट कोहली और रोहित शर्मा के शानदार विकल्प के रूप में सामने आए हैं। भले ही भारत ने छह रन से ओवल टेस्ट जीता हो मगर यह इतिहास में एक बड़ी जीत के रूप में दर्ज की जाएगी। जिसने हाथ से निकलती सीरीज को बराबरी के स्तर पर ला खड़ा किया। वहीं गिल और सिराज के अलावा इस शृंखला में यशस्वी जायसवाल, के.एल. राहुल, ऋषभ पंत,जसप्रीत बुमराह व आकाश दीप जैसे सितारे भी चमके। निस्संदेह, रवींद्र जडेजा पुराने योद्धा हैं। गिल के पास बहुत समय है और उनसे लंबी पारी और विजयी शृंखलाएं खेलने की उम्मीद की जा सकती है। निस्संदेह, उनकी प्रतिभा भारतीय टीम में जीत का जुनून भरेगी। बहरहाल, शानदार उतार-चढ़ाव भरे पांच मैचों के मुकाबलों ने दशार्या कि धमाकेदार टी-20 क्रिकेट के दौर में टेस्ट क्रिकेट का क्यों महत्व है। ये उन क्रिकेट पंडितों के लिये जवाब है जो टेस्ट क्रिकेट को बीते दिनों की बात कहने लगे थे।

# अलविदा रजिस्टर्ड डाकः एक युग की खामोश विदाई

रजिस्टर्ड डाक कोई साधारण सेवा नहीं थी। यह उन दिनों की गवाही थी जब हम कागज पर स्याही से अपने जज्बातों को उकेरा करते थे। जब एक लिफाफे में कई अनकही बातें, लंबा इंतजार और अनगिनत भावनाएँ समाहित होती थीं। जब एक पत्र, चाहे वह परिवार के किसी सदस्य का हो या सरकारी दस्तावेज, केवल कागज का टुकड़ा नहीं होता था, बल्कि विश्वास का प्रतीक होता था- कि यह जरूर पहुँचेगा, सही हाथों में, सही समय पर। रजिस्टर्ड डाक वह सेतु था, जो गाँव को शहर से, माँ को दूर शहर में नौकरी कर रहे बेटे से, पिता को ससुराल गई बेटियों से और नागरिक को शासन से जोड़ता था।

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

इस साल 01 सितंबर को जब भारतीय डाक की रजिस्टर्ड डाक सेवा औपचारिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी, तो संभवतः किसी समाचार पत्र के मुख्य पृष्ठ पर यह नहीं छपेगा, न ही किसी समाचार चैनल पर विशेष चर्चा होगी। यह समाचार जितना सामान्य प्रतीत होता है, उतना ही गहरा असर छोड़ता है- उस पीढ़ी पर, जिन्होंने वर्षों तक डाकिये की साइकिल की घंटी सुनकर अपने दिन की शुरूआत की। जिन्होंने पत्रों के माध्यम से रिश्तों को जिया और डाकघर की कतारों में खड़े होकर संवाद की प्रतीक्षा की। रजिस्टर्ड डाक कोई साधारण सेवा नहीं थी। यह उन दिनों की गवाही थी जब हम कागज पर स्याही से अपने जज्बातों को उकेरा करते थे। जब एक लिफाफे में कई अनकही बातें, लंबा इंतजार और अनगिनत भावनाएँ समाहित होती थीं। जब एक पत्र, चाहे वह परिवार के किसी सदस्य का हो या सरकारी दस्तावेज, केवल कागज का टुकड़ा नहीं होता था, बल्कि विश्वास का प्रतीक होता था- कि यह जरूर पहुँचेगा, सही हाथों में, सही समय पर। रजिस्टर्ड डाक वह सेतु था, जो गाँव को शहर से, माँ को दूर शहर में नौकरी कर रहे बेटे से, पिता को ससुराल गई बेटियों से और नागरिक को शासन से जोड़ता था। वह न केवल संवाद का माध्यम था, बल्कि संबंधों को सुरक्षित रखने वाला प्रहरी भी था। उसकी विशेषता यह थी कि वह खोता




नहीं था, वह भटकता नहीं था। उसका पंजीकरण उसकी सुरक्षा थी और उसकी प्राप्ति की पावती एक तरह का भावनात्मक संतोष। एक समय था जब डाकिया केवल संदेशवाहक नहीं, बल्कि घर का परिचित चेहरा होता था। उसकी आवाज, उसकी साइकिल की घंटी और उसकी झोली में छिपे लिफाफों का इंतजार हर किसी को रहता था। कोई सरकारी पत्र हो, मनीऑर्डर, किसी दूर बैठे बेटे का समाचार- सब कुछ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से पहुँचता था। और जब पत्र मिलता, तो उसे खोलने से पहले उसे छूकर महसूस किया जाता था- उसके कागज की मोटाई, उसके रंग की गहराई और उस पर लगी स्याही की गंध- सबमें अपनापन होता था।

लेकिन अब समय बदल चुका है। तकनीकी प्रगति ने हमारे संवाद के तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। आज मोबाइल फोन, त्वरित संदेश सेवाएँ, सामाजिक माध्यम, और अंतर्जाल ने पारंपरिक पत्र-व्यवस्था को लगभग समाप्त ही कर दिया है। अब किसी को इंतजार नहीं रहता, सब कुछ पल में भेजा और पल में प्राप्त किया जाता है। ऐसे समय में भारत डाक द्वारा रजिस्टर्ड डाक को औपचारिक रूप से बंद करने और उसे स्पीड डाक में समाहित करने का निर्णय, समयानुकूल और आवश्यक तो है, परंतु भावनात्मक रूप से पीड़ादायक भी। स्पीड डाक, निस्संदेह आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप एक बेहतर सेवा है। इसमें गति है, निगरानी है, तकनीकी दक्षता है। परन्तु उसमें वह आत्मीयता नहीं है जो रजिस्टर्ड डाक में थी। वह अपनापन, वह धीमा मगर विश्वसनीय संवाद, वह सादगी – अब इतिहास बन जाएगी। रजिस्टर्ड डाक का अंत केवल एक सेवा का अंत नहीं है, यह एक युग का अंत है। वह युग जिसमें शब्दों को सहेजा जाता था, जिसमें उत्तर पाने के लिए दिन नहीं, सप्ताहों की प्रतीक्षा की जाती थी। जब एक उत्तर में प्रेम, सम्मान और भावनाओं की परतें होती थीं। आज हम भले ही एक क्लिक में संवाद कर सकते हैं, लेकिन उस संवाद में स्थायित्व और गहराई का अभाव है। हम संदेश तो भेजते हैं, पर भावनाएँ नहीं। हम पढ़ते तो हैं, पर समझते नहीं। रजिस्टर्ड डाक उस युग की अंतिम निशानी थी, जहाँ संवाद सिर्फ बात नहीं, एक भावना होता था। हमारे पुराने संदूकों में आज भी ऐसी चिट्ठियाँ मिलती हैं – पीले पड़े कागज, स्याही से भरे अक्षर, किनारों पर समय की छाप और भीतर वह सब कुछ जो किसी समय अनमोल था। वे चिट्ठियाँ अब केवल स्मृति हैं, किंतु रजिस्टर्ड डाक ने उन्हें आज तक सुरक्षित पहुँचाया। यह उसकी सबसे बड़ी सफलता है – कि उसने शब्दों को अमर बना दिया। इस सेवा के बंद होने से एक भावात्मक सूत्र टूटेगा। यह वह सेवा थी, जिसने दूरी को भी एक बंधन बना दिया था। जिसने माँ के आँचल से बेटे तक, प्रेमिका की आँखों से प्रेमी तक, शिक्षक की सीख से छात्र तक – सबको जोड़ रखा था। अब स्पीड डाक आएगी – तेज, सुविधाजनक, आधुनिक। परंतु उसमें वह ठहराव नहीं होगा, वह धैर्य नहीं होगा, वह प्रतीक्षा नहीं होगी जो रजिस्टर्ड डाक को विशेष बनाती थी। आज हम तकनीकी दृष्टि से जितने सक्षम हुए हैं, उतने ही भावनात्मक रूप से खोखले भी हो गए हैं। संवाद तो अब भी होते हैं, पर उनमें आत्मा नहीं होती। रजिस्टर्ड डाक केवल चिट्ठी नहीं थी, वह आत्मा का दस्तावेज थी। अब जब वह विदा ले रही है, तो यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं है – यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक पृष्ठ बंद होना है।

रजिस्टर्ड डाक, तुमने केवल पत्र नहीं पहुँचाए, तुमने रिश्ते पहुँचाए। तुमने हमें जोड़ना सिखाया- शब्दों से, भावनाओं से, प्रतीक्षा से और विश्वास से। तुम भले अब औपचारिक रूप से बंद हो जाओ, परंतु हमारी यादों में, हमारे पुराने संदूकों में, हमारे दिलों में तुम सदा जीवित रहोगी। आज जब हम तुम्हें विदाई दे रहे हैं, तो यह विदाई नहीं, एक प्रणाम है- उस युग को, उस सादगी को, उस धैर्य को, उस अपनापन को, जिसे तुमने वर्षों तक अपने कंधों पर ढोया। अब भले ही डाकघर बदल जाएँ, डाकिए डिजिटल हो जाएँ, पत्र इतिहास बन जाएँ परंतु तुम, रजिस्टर्ड डाक, हमारे लिए सदा अमर रहोगी।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जियो पॉलिटिक्स का नया हथियार बना टैरिफ

वॉशिंगटन पोस्ट द्वारा उजागर अमेरिकी प्रशासन के आंतरिक दस्तावेज बताते हैं कि ट्रंप ने टैरिफ को स्विस आर्मी नाइफ की तरह इस्तेमाल किया है, जो एक ऐसा बहुउद्देशीय औजार है जिससे एक साथ कई काम किए जा सकते हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नीति का मामला नहीं, निश्चित ही वैश्विक कूटनीति, सामरिक समीकरण और यहां तक कि वर्तमान दौर में यह निजी व्यावसायिक हितों के लिए आर्थिक हथियार के प्रयोग का उदाहरण बन गया है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

टैरिफ, जिसे अब तक केवल व्यापार घाटा सुधारने या घरेलू उद्योगों की रक्षा के आर्थिक औजार के रूप में देखा जाता था, डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में एक नए रूप में उभरकर सामने आया है, आज यह जियो पॉलिटिक?स का नया हथियार बनकर उभरा है । वॉशिंगटन पोस्ट द्वारा उजागर अमेरिकी प्रशासन के आंतरिक दस्तावेज बताते हैं कि ट्रंप ने टैरिफ को स्विस आर्मी नाइफ की तरह इस्तेमाल किया है, जो एक ऐसा बहुउद्देशीय औजार है जिससे एक साथ कई काम किए जा सकते हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नीति का मामला नहीं, निश्चित ही वैश्विक कूटनीति, सामरिक समीकरण और यहां तक कि वर्तमान दौर में यह निजी व्यावसायिक हितों के लिए आर्थिक हथियार के प्रयोग का उदाहरण बन गया है। जो डोनाल्ड ट्रंप, सार्वजनिक मंचों पर टैरिफ को ह्यअमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षाह्न और ह्यन्यायपूर्ण व्यापारह्न का अनिवार्य साधन बताते थे, पर दस्तावेज दिखाते हैं कि असल मकसद उनका कई बार अलग होता था। व्यापार वाताओं में ऐसे मुद्दे जोड़ दिए जाते, जिनका पारंपरिक रूप से शुल्क समझौतों से कोई लेना-देना नहीं होता, जैसे रक्षा अड्डों की अनुमति, सैन्य तैनाती का समर्थन, पर्यावरण नीतियों में बदलाव या हथियार खरीद की शर्तें। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार की परंपरागत समझ को बदल देने वाला कदम है। भारत इसका प्रमुख उदाहरण है। वॉशिंगटन पोस्ट की यह रिपोर्ट बताती है कि व्हाइट हाउस ने भारत पर अमेरिकी रक्षा उपकरण खरीदने और अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने का दबाव बनाने के लिए टैरिफ को हथियार बनाया। रूस से कच्चा तेल खरीदने के बहाने 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी गई, जिसे बाद में लागू भी किया गया। भारत से अपेक्षा थी कि वह न केवल रक्षा बजट बढ़ाए बल्कि सामरिक मुद्दों पर अमेरिका के साथ पर्याप्त रूप से संरेखित हो, ताकि टैरिफ में रियायत मिले। यह दबाव अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा था, जिसका लक्ष्य भारत को रूस से दूर करना और चीन के खिलाफ गठजोड़ में मजबूती लाना था। यह नीति केवल भारत तक सीमित नहीं रही। दक्षिण कोरिया से रक्षा खर्च 2.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 3.8 प्रतिशत करने और अमेरिकी सैनिकों की तैनाती पर अधिक खर्च वहन करने की मांग की गई। प्रारंभिक मसौदों में सियोल से चीन के खिलाफ सार्वजनिक बयान जारी करने तक का सुझाव था। कंबोडिया पर 49 प्रतिशत टैरिफ की धमकी देकर अमेरिकी नौसेना को वहां के रियाम नेवल बेस पर प्रशिक्षण अभ्यास की अनुमति दिलाने का प्रयास हुआ। ब्राजील को चेतावनी दी गई कि अगर पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं रोकी गई तो 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया जाएगा। कोलंबिया में अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल किया गया। रिपोर्ट का एक और चौंकाने वाला पहलू यह है कि अमेरिकी विदेश विभाग ने कुछ मौकों पर निजी कंपनियों, जैसे ऊर्जा क्षेत्र की शेवरॉन और एलन मस्क की स्टारलिंक के लिए अन्य देशों से रियायतें दिलाने के विकल्पों पर चर्चा की। यह अंतरराष्ट्रीय नीति और कॉर्पोरेट हितों के खतरनाक मेल का संकेत देता है। वस?तुतः इसीलिए आज अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय में 25 साल काम कर चुकीं वेंडी कटलर कहती हैं कि उन्होंने पहले कभी किसी व्यापार समझौते में इस तरह की शर्तें नहीं देखीं। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार की परंपरागत ह्ननॉर्म्सह्न से एक बड़ा विचलन था, जो विश्व व्यापार संगठन (डब?ल?यूटीओ) जैसी संस्थाओं की भूमिका और वैश्विक व्यापार व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। इसे अब हम भारत के संदर्भ में और अधिक गंभीरता से देख सकते हैं; वस?तुतः भारत के लिए यह नीति कई स्तरों पर चुनौती है। पहली- रणनीतिक स्वायत्तता की रक्षा। भारत दशकों से बहुध्रुवीय कूटनीति अपनाता रहा है, जिसमें रूस, अमेरिका, यूरोप, जापान और खाड़ी देशों के साथ संतुलन साधा जाता है। अमेरिकी दबाव इस संतुलन को बिगाड़ सकता है। स्वायत्तता की रक्षा के स?तर पर यह भारत को कमजोर करने वाली है। दूसरी- ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में। रूस से सस्ता कच्चा तेल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अहम है; टैरिफ धमकियां इस आपूर्ति को बाधित कर सकती हैं। हालांकि अभी ऐसा हुआ नहीं, पर कोशिश तो यही है। तीसरी बात यह कि रक्षा खरीद में विविधता के स?तर पर केवल अमेरिकी हथियारों पर निर्भरता तकनीकी और रणनीतिक स्वतंत्रता को सीमित कर सकती है। जिसके लिए ड्रंप ने अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं। यह एक तथ्य है कि आर्थिक साधनों का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव के लिए नया नहीं है। औपनिवेशिक दौर में व्यापार रियायतें राजनीतिक नियंत्रण का औजार थीं। शीत युद्ध में अमेरिका और सोवियत संघ ने सहायता, हथियार और व्यापार समझौतों को सामरिक प्रभाव के लिए इस्तेमाल किया। फर्क यह है कि ट्रंप युग में यह सब खुले तौर पर, व्यापक पैमाने पर और निजी कॉर्पोरेट हितों के साथ जुड़कर हो रहा है। कहना होगा कि ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नया दौर शुरू किया है, जिसमें आर्थिक औजारों को राजनीतिक और सामरिक लक्ष्यों के लिए खुलकर प्रयोग किया जा रहा है। भारत जैसे देशों के लिए यह आवश्यक है कि वे इस नई हकीकत को समझें, उसके अनुरूप अपनी रणनीति बनाएं और आत्मनिर्भरता के साथ-साथ बहुआयामी कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करें। अतः कहना होगा कि टैरिफ अब सिर्फ व्यापार संतुलन का साधन नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सक्रिय हथियार है, ऐसे में इसकी समझ और जवाबदेही ही किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति की मजबूती का पैमाना होगी। इस स्थिति से निपटने के लिए फिलहाल तो भारत को यही कारणा है कि वह बहुआयामी नीति अपनाए। ऊर्जा और रक्षा आयात के स्त्रोतों में विविधता लेकर आए। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों, अफ्रीका, लातिन अमेरिका और मध्य एशिया के साथ नए संबंध, ₹मेक इन इंडिया₹ के तहत रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण, और संगठन 19 सम्प्रभु राज्य, अफ्रीकीय संघ और यूरोपीय संघ के जी-20, ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के संयुक?त संघ ब्रिक्स जैसे मंचों पर टैरिफ के दुरुपयोग के खिलाफ नियम बनाने की पहल करने के लिए आगे आए। अभी लगता नहीं कि डोनाल?ड ट्रंप अपने निर्णयों से पीछे हटने वाले हैं। उनके प्रशासन का टैरिफ इस्तेमाल करने का तरीका अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नए युग की शुरूआत का संकेत है, जिसमें कि वही देश अब सफल होगा जो आत्मनिर्भरता और बहुआयामी कूटनीति की महत्ता पहले से समझ कर उस पर चलता रहा है और जिसके यहां स्वदेशी नीति प्रभावी है ।

# सुहागन महिलाओं के लिए अहम पर्व है कजली तीज

हरियाली तीज के बाद आने वाली कजरी तीज सुहागिनों के लिए खास होती है। इस दिन विवाहित महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती के साथ चंद्रमा की पूजा करती हैं। इसे सातूड़ी तीज या बड़ी तीज के नाम से भी जानते हैं। कजरी तीज के दिन सुहागिनें पति की लंबी की कामना के लिए व्रत रखती हैं। भाद्रपद मास में कृष्ण पक्ष की तृतीया को कजरी तीज का त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार 12 अगस्त को मनाया जाएगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि की शुरूआत पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि 11 अगस्त सुबह 10:33 बजे शुरू होगी और 12 अगस्त सुबह 8:40 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार कजरी तीज 12 अगस्त को मनाई जाएगी। यह पर्व उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान सहित कई राज्यों में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। कजरी तीज को कजली तीज, बूढ़ी तीज व सातूड़ी तीज भी कहा जाता है। जिस तरह से हरियाली तीज, हरतालिका तीज का पर्व महिलाओं को लिए बहुत मायने रखता है। उसी तरह कजरी तीज भी सुहागन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण त्योहार है। ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि यानी रक्षा बंधन के तीन दिन बाद कजरी तीज मनाई जाती है। कजरी तीज को कज्जली तीज भी कहा जाता है। हरियाली और हरितालिका तीज की तरह कजरी तीज भी अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए दिन भर निर्जला व्रत रखती हैं और करवाचौथ की तरह शाम के समय चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करती हैं। इस दिन शिव जी और माता पार्वती की पूजा की जाती है। मान्यता है कि कजरी तीज के दिन विधि पूर्वक पूजा करने से भगवान शिव और माता पार्वती प्रसन्न होते हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि हरियाली तीज, हरतालिका तीज की तरह कजली तीज भी सुहागन महिलाओं के लिए अहम पर्व है। वैवाहिक जीवन की सुख और समृद्धि के लिए यह व्रत किया जाता है। कहा जाता हैं कि इस दिन जप कन्या या सुहागने पूरे श्रद्धा से अगर शिव भगवान और माता पारवती की पूजा की जाए तो उन्हें अच्छा जीवनसाथी सदा सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त होता है।माना जाता हैं की इस दिन मां पार्वती ने शिव जी को अपनी कठोर तपस्या के बाद प्राप्त किया था। मान्यता है कि कजली तीज के मौके पर विशेष रूप से गौरी की पूजा करें। व्यक्ति की कुंडली में चाहे कितने ही बाधाए क्यों न हों, इस दिन पूजा से नष्ट किए जा सकते हैं। लेकिन इसका फायदा तभी होगा जब कोई अविवाहिता इस उपाय को खुद करे। ज्योतिषाचार्य डॉ अनीष व्यास ने बताया कि कजली तीज के बारे में मान्यता है कि आज के दिन ही मां पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त किया था। इसके लिए उन्हें काफी कठोर तपस्या करनी पड़ी थी। कजरी तीज के दिन सुहागिनों को भगवान शिव और पार्वती की पूजा अर्चना करनी चाहिए। बताया जाता है कि इससे उन कन्याओं को अच्छे वर की प्राप्ति होती है, जिनकी शादी नहीं हुई है। पति के साथ और अच्छे रिश्ते बनाने के लिए कुछ ऐसे काम होते हैं, जिन्हें न तो सुहागिनों को करना चाहिए और न ही पति को। ये काम हैं पति या पत्नी से छल, गलत व्यवहार, परनिंदा आदि। पांचवे माह भादों के कृष्ण पक्ष की तीज को कजली तीज के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन शादीशुदा महिलाएं और कुंवारी लड़कियां व्रत करती हैं जो कि उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। कजलीतीन के दिन सुहागिन व्रत रखती हैं। उन्हें आज के दिन श्रृंगार करना चाहिए।

## रेसिपी

### स्वाद ही नहीं सेहत के लिए भी अच्छी होती है सोया करी

**सोया** प्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स है। जोकि मांसपेशियों की ग्रोथ और मरम्मत के लिए काफी जरूरी होता है। सोया में फाइबर, मिनरल्स और विटामिन की भरपूर मात्रा पाई जाती है। यह कोलेस्ट्रॉल को कम करने से लेकर हड्डियों को मजबूत करने तक कई तरह से फायदा देता है। कई लोग सोया चंक्स की कई डिशेज बनाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोया करी ट्राई की है। यह स्वाद के साथ सेहत के लिए भी लाजवाब होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ सोया करी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**सामग्री** : सोया चंक्स- एक कप
पानी उबालने के लिए
नमक- 1/2 चम्मच (सोया उबालने में)
प्याज- 2 बारीक कटा हुआ
टमाटर- 2 बारीक कटा या प्यूरी
अदरक-लहसुन का पेस्ट- डेढ़ चम्मच
हरी मिर्च बारीक कटी हुई
तेल- 2-3 चम्मच
जीरा- आधा चम्मच
हल्दी- पाउडर आधा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर- एक चम्मच
धनिया पाउडर- डेढ़ चम्मच
गरम मसाला- आधा चम्मच
कसूरी मेथी- एक चम्मच
नमक स्वादानुसार
हरा धनिया गार्निशिंग के लिए

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले 3 कप पानी में थोड़ा सा नमक डालकर सोया चंक्स को उबाल लें। फिर उबलते पानी में सोया चंक्स डालें और 8-10 मिनट तक पकाएं। इसके बाद पानी निकाल लें और ठंडे पानी से धोलें। अब सोया चंक्स को दबाकर सारा पानी निचोड़ दें और एक कड़ाही में तेल गर्म करें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें जीरा डालें और तड़कने दें। फिर अदरक-लहसुन का पेस्ट, प्याज और हरी मिर्च डालकर भूनें। जब यह सुनहरा भुन जाए तो सभी मसाले मिक्स करके डालें और तब तक भूनें, जब तक मसाले तेल न छोड़ने लगे।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# पंचायत उन्नति सूचकांक ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है : उपायुक्त

संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यशाला को संबोधित करते हुएउपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक ग्रामीण विकास की




दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंचायत के विभिन्न विकास सूचकों–जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पोषण, कृषि, महिला सशक्तिकरण एवं आधारभूत संरचना–के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इस सूचकांक के आधार पर पंचायतों की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी और कमजोर क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। कार्यशाला में विभागीय विशेषज्ञों द्वारा सूचकांक के मानदंड, डेटा संग्रहण की प्रक्रिया, पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने के तरीके एवं निगरानी तंत्र पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उपस्थित प्रतिनिधियों को बताया गया कि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियमित डेटा अद्यतन और क्षेत्रीय निरीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने सभी प्रखंड व पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों की सटीक जानकारी समय पर दर्ज करें तथा पंचायत उन्नति सूचकांक को सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पंचायतों की कार्यकुशलता बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामवासियों के जीवन स्तर को भी सुदृढ़ बनाएगी। करशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने कहा कि विभिन्न वर्षो में पंचायत के उपलब्धि स्कोर को प्रयुक्त करते हुए स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्य की वृद्धिकारी प्रगति की माप करना पंचायत उन्नति सूचकांक के लक्ष्य हैं. इस दौरान पंचायत उन्नति सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीडीओ,सीओ एवं पंचायत के मुखिया को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## खरीफ मौसम के दौरान हर स्तर पर तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी

संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रखंड सभागार में आज 12 अगस्त, 2025 को सुबह 10:30 बजे एक दिवसीय खरीफ कृषि कार्यशाला 2025 का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता श्री बासुकीनाथ टुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, साहिबगंज ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खरीफ सीजन के लिए तैयार करना सरकारी कृषि कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी देना और डिजिटल फसल सर्वेक्षण के महत्व से अवगत कराना है। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय अधिकारी, कृषि विशेषज्ञ, बड़ी संख्या में कृषक मित्र और प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।प्रथम वक्ता प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव पांडेय ने कृषि विभाग, झारखंड सरकार द्वारा कृषि विभाग झारखंड सरकार द्वारा कृषकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में उपस्थित सभी को जानकारी दी। एवं कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यशाला के दौरान सहायक तकनीकी प्रबंधक नीरज कुमार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, झारखंड राज्य मिलेट मिशन, किसान समृद्धि योजना, कृषक पाठशाला, एग्री स्मार्ट ग्राम, फसल सुरक्षा कार्यक्रम, कृषि ऋण एवं सब्सिडी, बीज विनिमय और वितरण, मिट्टी जांच एवं बीज परीक्षण सहित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के उद्देश्यों व लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।नीरज कुमार ने कार्यशाला में किसानों को बताया गया कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण से फसल से जुड़ी सटीक और रियल-टाइम जानकारी एकत्र की जा सकती है। इससे प्रत्येक खेत का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होता है।जिसमें फसल का प्रकार, बुआई की तिथि और अनुमानित उत्पादन दर्ज रहता है। यह जानकारी कृषि योजनाओं के लाभ किसानों तक समय पर पहुँचाने में सहायक होती है।

डिजिटल सर्वेक्षण से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि उर्वरक सब्सिडी जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन तेज और पारदर्शी होता है। साथ ही, फसल क्षति के मामलों में मुआवजा शीघ्र प्रदान करने में भी यह तकनीक उपयोगी है।उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे कृषि संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु प्रखंड कृषि कार्यालय और एग्री क्लीनिक से संपर्क करें। साथ ही आश्वासन दिया कि खरीफ मौसम के दौरान हर स्तर पर तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

कार्यशाला में कृषक मित्र मुन्ना रविदास, दिलीप कुमार पासवान, प्रदीप कुमार यादव और चंद्रशेखर कुमार सिंह के ने सक्रिय भागीदारी निभाई और किसानों को कार्यक्रम में लाने में सहयोग किया। कार्यक्रम में सभी पंचायत के पंचायत सचिव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तपन मंडल, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी,शशि शेखर राय, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मो० शमशाद , मुखिया श्री कंचन मंडल, संतोष गौड़, सुदामा मंडल, सुश्री सोनेला मूर्मू आदि उपस्थित रहे।मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव पांडेय, सहायक तकनीकी प्रबंधक अंशु कुमारी, एग्री क्लीनिक प्रखंड समन्वयक रणधीर कुमार सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रीति कुमारी एवं मोहम्मद हयात अहमद सहित प्रखंड कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन किसानों की समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा के साथ हुआ।

## घर- घर फीवर सर्वे और क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के निर्देश

संवाददाता

साहिबगंज :सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों का निरक्षण राज्य स्तरीय टीम के द्वारा किया गया। जिसमे टीम का नेतृत्व डॉ॰ बिरेन्द्र कुमार सिंह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी भीबीडी राँची, झारखण्ड के द्वारा किया गया।राज्य स्तरीय टीम के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों में ओपीडी रजिस्टर, प्रयोगशाला कक्ष, फाईलेरिया क्लिनिक, वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कक्ष, शीत श्रृंखला कक्ष आदि का निरक्षण किए और उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी पारा मेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।साथ ही राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी भीबीडी राँची झारखण्ड के द्वारा कालाजार, मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू कार्यक्रम आदि से सम्बंधित सभी प्रकार के रजिस्टर, प्रगति प्रतिवेदन व सभी प्रकार के दस्तावेजो का अवलोकन किए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही कालाजार मरीजों को फॉलो अप कर स्वास्थ्य सम्बंधित आवश्यक सलाह दिए। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट का भी निरक्षण किए। जिसमे राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सभी पहाड़ी क्षेत्रो में सूक्ष्म कार्ययोजना बना कर स्वास्थ्य शिविर, मलेरिया मास



सर्वे, घर- घर फीवर सर्वे और क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिए। साथ ही सभी गाँव की सहिया को मलेरिया जाँच किट उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि जो भी बुखार पीड़ित मरीज मिले तुरंत मलेरिया जाँच किया जा सके एवं मलेरिया धनात्मक पाए जाने पर तुरंत उपचार भी करना सुनिश्चित किया जाए! साथ ही सभी सीएच ओ व एमपीडब्ल्यू को अपने -अपने आवंटित कार्य क्षेत्रों में बना कर निगरानी रखने को कहा! मौके पर डॉ॰ अंजुम इकबाल राज्य कालाजार सलाहकार, श्री अनिल कुमार मलेरिया निरीक्षक, श्री अविनाश कुमार पिरामल स्वास्थ्य, डॉ॰ सत्तीबाबू डाबडा जिला भीबीडी सलाहकार, डॉ॰ बिनोद कुमार, डॉ॰ सुदामा कुमार साह,अजय केशरी पिरामल स्वास्थ्य, मनोहर पंडित एमटीएस, मिठू कुमार एलटी जयनाथ मुर्मू , रेशम अफरोज रिंकू कुमारी जैन एम, फ्रांसिस टुडू केटीएस, रंजन कुमार आदि सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## यात्रा का मुख्य आकर्षण 100 मीटर का तिरंगा होगा

संवाददाता

**साहिबगंज:**देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आजादी का अमृत वर्ष पर स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर तिरंगा हर मन तिरंगा कार्यक्रम के सफलता को लेकर साहिबगंज विवेकानंद चौक स्थित पूर्व विधायक कार्यालय में कार्यक्रम के संयोजक श्री विनोद चौधरी के अध्यक्षता में एक बैठक की गई बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा का मार्गदर्शन कार्यकताओं को मिला बैठक में उत्साहित कार्यकताओं ने 13 अगस्त को होने वाले तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता आम जनता के शामिल होने की बात कही यात्रा का मुख्य आकर्षण 100 मीटर का तिरंगा होगा जिसे और छात्र छात्राएं लेकर चलेंगे तिरंगा यात्रा शहीद चौक कारगिल चौक से प्रातः10 बजे प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए नेता जी सुभाष चंद्र बोस के स्मारक पर सम्पन्न होगा बैठक के बाद स्वामी विवेकानंद चौक से पटेल चौक तक दुकानदारों को तिरंगा वितरण किया गया।बैठक में मुख्य रूप से अनंत कुमार ओझा ,जय प्रकाश सिन्हा,पंकज चौधरी,गरिमा साह,संतोष चौधरी, पप्पू यादव,गौतम पंडित,मनोज तांती,डब्लू ओझा,कुंदन साह,छोटेलाल चौधरी,रणजीत चौधरी, छोटू चौधरी,मल्लू सिंहा सहित दर्जनों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीसीआर लैब झारखंड में जिला स्तरीय पहला लैब है : उपायुक्त

संवाददाता

**साहिबगंज:** सदर अस्पताल साहिबगंज में क्यूपीसीआर लैब एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन आदरणीय उपायुक्त महोदय हेमंत सत्ती राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी राँची डॉ॰ बिरेन्द्र कुमार सिंह एवं सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ॰ रामदेव पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत किया गया। जिसमे सिविल सर्जन के द्वारा उपायुक्त एवं मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ और पौधा देकर सम्मानित किया गया।विदित हो की यह क्यूं पीसीआर लैब झारखण्ड में जिला स्तरीय पहला लैब है। इस लैब के शुरू होने से कालाजार मरीजों का वास्तविकता जाँच किया जा सकता है।इसके साथ -साथ स्वास्थ्य से सम्बंधित विभिन्न



प्रकार के जाँच किया सकता है! जिससे आमजन काफी लाभान्वित होंगें।जिला मानसिक स्वास्थ्य केंद्र के सदर अस्पताल साहिबगंज में खुलने से कई महत्वपूर्ण लाभ होंगे जिनमें से प्रमुख हैं।मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की आसान उपलब्धता जिले के लोगों को मानसिक रोगों के इलाज के लिए दूर बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।समय और पैसे की बचत होगी।समय पर निदान और उपचार, चिंता, नशा-निर्भरता, बाइपोलर डिसऑर्डर, स्किजोफ्रेनिया जैसी बीमारियों का जल्दी पता लग सकेगा।समय पर इलाज मिलने से गंभीरता कम होगी।आत्महत्या और नशा रोकथाम में मदद मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएं मिलने से आत्महत्या की प्रवृत्ति और ड्रग अल्कोहल की लत कम हो सकती है।स्कूल व कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता डीएम एचसी टीम स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम चलेंगी।विशेष प्रशिक्षण व क्षमता विकास,जिला अस्पताल और पीएचसी, सीएचसी के डॉक्टर, नर्स और एएन एम को मानसिक स्वास्थ्य के मामलों में प्रशिक्षित किया जा सकेगा।सामुदायिक पहुंच और पुनर्वास सेवाएं,सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों तक सेवाएं पहुंच सकेंगी। जागरूकताअभियानों से लोग मानसिक बीमारियों को खुलकर स्वीकारेंगे और इलाज लेने में संकोच कम होगा।इस शुभ अवसर पर राज्य से आये हुए अतिथिगण सदर अस्पताल साहिबगंज के चिकित्सकगण अन्य सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

**साहिबगंज :** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, तालझारी व राजमहल में मंगलवार को जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव के निदेर्शानुसार मंथन संस्था, मुख्यमंत्री सारथी योजना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के सहयोग से ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसमें छात्राओं को कठिन परिस्थितियों में साहसपूर्वक खड़े होने, बाल




विवाह, बाल श्रम और शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने हेतु समाज की सामूहिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया गया।मुख्यमंत्री सारथी योजना की सेंटर ट्रेनर सुनैना कुमारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत बालिकाओं को तीन माह का कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।जिसमें सिलाई मशीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन और कंप्यूटर जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रशिक्षण के बाद उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं।मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने बच्चियों को गुड टच-बैड टच, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल श्रम और यौन शोषण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। वहीं चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक मोहम्मद इकबाल ने नशा मुक्ति और किशोर न्याय अधिनियम पर विस्तार से प्रकाश डाला।अंत में चंदा कुमारी ने स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर और दत्तक ग्रहण प्रक्रिया की जानकारी साझा की। साथ ही बच्चियों को एंटी साइबर क्राइम जागरूकता से परिचित कराते हुए बताया गया कि साइबर अपराध की स्थिति में टोल-फ्री नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को न केवल अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग किया गया, बल्कि उन्हें समाज में आत्मविश्वास और सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया गया।

## वार्डों में मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए फॉगिंग जारी



साहिबगंजः इन दोनों रुक रुक के हो रही बारिश और लगातार बाढ़ की बढ़ोतरी से जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार नगर परिषद के द्वारा हर बाढ़ प्रभावित विभिन्न वार्डों में मच्छरजनित रोगों की रोकथाम हेतु लगातार फॉगिंग कराई जा रही है। स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जबकि बीमारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य टीम की भी प्रत्येक बाढ पभावित क्षेत्र में कैंप लगकर जनता की जांच की जा रही है। जिला प्रशासन किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यों का त्वरित निष्पादन हो : डीडीसी

साहिबगंज :उप विकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा ने आज बोरियो प्रखंड अंतर्गत बीरबलकांदर पंचायत के पहाड़िया गांव में चल रहे प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभुकों से संवाद स्थापित कर निर्माण कार्य में आ रही कठिनाइयों की जानकारी ली तथा टैग किए गए वेंडर एवं पंचायत कर्मियों को लाभुकों को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश



दिया।उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित आवास चाहे वे प्लिंथ लेवल, लिंटल लेवल अथवा पूर्ण लेवल पर हों—को हर स्तर से ससमय 30 सितंबर, 2025 तक पूर्ण किया जाए। इसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने प्रखंड सभागार मंडरो में प्रधानमंत्री योजना से संबंधित सभी पंचायत कर्मियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक पंचायत के लिए अगले 2 माह के भीतर कार्य पूर्ण करने हेतु माहवार लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही, प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड समन्वयक को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन फील्ड विजिट करें और प्रत्येक शाम को सभी संबंधित कर्मियों एवं वेंडरों के साथ समीक्षा बैठक करें।अंत में, श्री चंद्रा ने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समयसीमा में शत–प्रतिशत आवास पूर्ण करना प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी स्तरों पर ठोस एवं निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### क्षेत्र के आम जनों की समस्या से रूबरू हुए विधायक प्रतिनिधि बरकत खान

**साहिबगंज/बरहरवा :**प्रत्येक मंगलवार की भांति बरहरवा प्रखंड स्थित विधायक कक्ष में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया,इस दौरान प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को विधायक प्रतिनिधि के समक्ष रखा,जिसमे मुख्य रूप से मईया सम्मान योजना से संबंधित समस्या लेकर शहनाज बीबी, हबीबा



खातून, मजीना खातून, रुना खातून, नूनाहार ,नजीमा खातून , कंचन देवी, ईनारा बीबी, अयेसा खातून अंगूरी बीवी, सिउली खातून, शमीम अख्तर, साहीबा बीबी पहुंची जिनका मैया सम्मान राशि मिलते मिलते बंद हो गया।विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने उपस्थित सभी आगंतुकों से एक–एक कर सभी की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों से वातार्लाप किया। संबंधित अधिकारीयों ने मैया सम्मान लाभुको का स्टेटस चेक कर बताया की कुछ लाभुकों का ऊइळ लिंक नहीं है और कुछ का राशन कार्ड के नाम में त्रुटि पाया गया। वैसे लाभुक जिसका डीबीटी लिंक नहीं है उन्हें डीबीटी लिंक करवाने को कहा गया।और वैसे लाभुक जिसका राशनकार्ड के नाम में त्रुटि वैसे लाभुक ऑनलाइन के माध्यम से अपना नाम सुधार करवा ले उसके बाद उनकी मैया सम्मान की राशि पुनः चालू कर दी जाएगी।कुछ आगंतुक पहुंचे जमीन से संबंधित , अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास से संबंधित, ,वृद्धा पेंशन से संबंधित,बिजली बिल से संबंधित आदि समस्या लेकर पहुंचे।इस दौरान बरकत खान ने उपस्थित सभी आगंतुकों से एक–एक कर सभी की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों से वातार्लाप कर लोगों को आश्वासन दिया कि आप लोगों की शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।वहीं छात्र नेता शोएब अख्तर ने बरहरवा प्रखंड अंतर्गत मिजार्पुर गांव के अंदर मुख्य सड़क निर्माण एवं जल निकासी नल का निर्माण हेतु आवेदन दिया।वहीं रेलवे मुशहरी में एक पोल तार लगे की समस्या से लोगों में अवगत कराया विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने बिजली एसडीओ सत्यम मरांडी से टेलिफोनिक वातार्लाप कर जल्द से जल्द तार लगाने का आग्रह किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाम रब्बानी, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष नेहाल अख्तर, मिथुन मंडल,शमशेर अली,अनारुल खान, विक्की कर्मकार, धर्मेंद्र शाह , शोएब अख्तर, समीम मंसूरी, छोटे लाल रामानी, अजीत कुमार राय, सहित दर्जनों शहरी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### अभी तक कोई भी मुआवजा नहीं मिला

साहिबगंजः बरहेट प्रखंड के नवाब चौक निवासी रिजवाना खातून पति मो मंजूर अली द्वारा बिजली के 11000 वोल्ट तार घर के दरवाजे के सामने बार–बार गिरने के मामले को लेकर प्रधान सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय झारखंड राज्य सरकार के नाम एक पत्र भेजा गया।वही पत्र के माध्यम से रिजवाना खातून द्वारा बताया कि हमारे घर के दरवाजे के सामने एक 11 000 वोल्ट का बिजली का तार टूट कर बार–बार गिर जाता है जिसके कारण मुझे एवं राहगीरों को आने–जाने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है।ज्ञात हो की हमारे घर के मुख्य दरवाजे के सामने बिजली का तार गिरने के कारण हमारी लड़की जिसका नाम मुस्कान है पूर्व में गंभीर रूप से घायल हो चुकी है जिसका इलाज रांची में अभी तक चल रहा है।उक्त मामले की जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय को दी जा चुकी है।इसके बाद भी अभी तक कोई भी मुआवजा नहीं मिल पाया है न ही बिजली तार गिरने में कोई सुधार हुआ है।बिजली का तार बार–बार टूट कर गिर रहा है जिसके कारण हमारे परिवार के लोग एवं राहगीर बिजली के चपेट में आने से बाल बाल बच गए।मेरे घर के करीब से ट्रांसफार्मर को हटाया जाए ताकि बिजली का तार बार–बार नहीं गिर सके।अभी तक उक्त समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

### फाइलेरिया कैंप का किया शुभारंभ

विश्रामपुर : पलामू जिले के विश्रामपुर सीएचसी प्रबंधन ने नगर परिषद क्षेत्र के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी परिसर में मंगलवार को फाइलेरिया विषयक शिविर लगाया। कैंप का उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने आईडीए का दवा खाकर छात्र–छात्राओं को दवा खाने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी से बचने के लिये हर हाल में नियमित दवा का सेवन करना होगा। केंद्र सरकार पूरे देश में इस अभियान को चलाकर फाइलेरिया मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। कैंप में आरसीयू के सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने दवा का सेवन किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी उपस्थित थे।

### नाबालिगों से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

साहिबगंजः बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अब्दुस सुभान को नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की थी। मिली जानकारीक अनुसार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### बारिश से सड़कों पर बन गए गड्ढे को दुरुस्त करें : उपायुक्त

**मेदिनीनगर :** पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बारिश के कारण विभिन्न सड़कों पर बन गए कई गड्ढे को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पथ निर्माण प्रमंडल (आरसीडी) के प्रतिनिधि को पांकी, हुसैनाबाद स्टेशन रोड, पड़वा, चैनपुर, पिपरा सहित अन्य सड़कों पर बने गड्ढे को दुरुस्त करने का टास्क दिया है। हिन्दुस्तान अखबार ने 12 अगस्त के अंक में, हिन्दुस्तान पड़ताल अभियान, के तहत, बारिश में बदतर हो गई पलामू की सड़कों की हालात, शीर्षक से रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। उपायुक्त ने पलामू समाहरणालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करते हुए गुड सेमेरिटन योजना अंतर्गत कुछ लाभुकों को 15 अगस्त के दिन सम्मानित करने का भी निर्णय लिया। इसी क्रम उन्होंने निजी हॉस्पिटल्स की ओर से आईआरएडी के तहत एंट्री सुनिश्चित करवाने निर्देश दिया। हिट एंड रन के मामलों, ट्रैफिक पुलिस के नेतृत्व में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना आदि की भी बैठक में समीक्षा हुई। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव से जुलाई महीने में हुई सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जुलाई में 18 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें 14 लोगों की मौत हो गई है। 29 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जबकि 28 लोग सामान्य रूप से घायल हुए है। जुलाई माह में अधिकांश सड़क दुर्घटना में बाइक सवारों की मौत हुई है। घायल भी अधिकांश बाइक सवार ही हुए हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बैठक में बताया कि जुलाई में जिन 14 लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है उनमें 8 बाइक सवार हैं और सभी बगैर हेलमेट के थे। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमित सड़क संबंधी जागरूकता कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 203 रनों से दी करारी शिकस्त, खत्म किया 34 साल का इंतजार

एजेंसी

**तरौबा :** वेस्टइंडीज ने मंगलवार को पाकिस्तान को करारी शिकस्त देते हुए 34 साल बाद वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। तीसरे और आखिरी वनडे में कैरेबियाई टीम ने 295 रन का लक्ष्य देकर मेहमानों को मात्र 92 रन पर समेट दिया और 203 रनों से जीत दर्ज की, जो पाकिस्तान के खिलाफ उनका अब तक का सबसे बड़ा वनडे अंतर है। इस जीत के नायक रहे तेज गेंदबाज जेडन सील्स, जिन्होंने 8.2 ओवर में 6 विकेट झटके। यह पुरुष वनडे क्रिकेट में किसी वेस्टइंडीज गेंदबाज के संयुक्त रूप से दूसरे सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हैं। वहीं, कप्तान शाई होप ने नाबाद शतक (100*) जमाते हुए टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकाला। पहले बल्लेबाजी करते हुए




वेस्टइंडीज ने शुरूआती 43 ओवर तक धीमी बल्लेबाजी की और 200 रन के पार नहीं पहुंच पाए थे। लेकिन 44वें ओवर में होप ने मोहम्मद नवाज को लगातार दो छक्के लगाकर रफ्तार पकड़ी। इसके बाद होप और जस्टिन ग्रीव्स ने अंतिम 7 ओवरों में 100 रन जोड़ते हुए स्कोर 294/5 तक पहुंचा दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही। सील्स ने पहले ओवर में सैम अयूब को आउट किया और फिर अब्दुल्ला शफीक को भी बिना खाता खोले पवेलियन भेजा। तीसरा झटका उन्होंने मोहम्मद रिजवान को दिया, जिनकी ऑफ बेल गेंद से हल्के से छूकर गिर गई। इसके बाद उन्होंने बाबर आजम को एलबीडब्ल्यू कर पाकिस्तान को 23/4 पर ला दिया। बाकी बल्लेबाजों में कोई भी टिककर नहीं खेल पाया। सलमान अली आगा और हसन नवाज ने कुछ समय जरूर बिताया, लेकिन रनगति लगातार बढ़ती रही। गुडाकेश मोती और रोस्टन चेज ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा। अंततः सील्स ने नसीम शाह और हसन अली को भी चलता किया, जबकि आखिरी रन आउट के साथ पाकिस्तान की पारी 92 पर सिमट गई। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने न केवल सीरीज 2-1 से जीती, बल्कि तीन दशकों से भी अधिक समय बाद पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने का सूखा खत्म कर दिया।

## डीपीएल 2025: ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने पुरानी दिल्ली 6 को आखिरी ओवर में हराया

**नई दिल्ली :** अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार रात खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण के एक रोमांचक मुकाबले में ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरानी दिल्ली 6 को पांच विकेट से हराया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राइडर्स ने धमाकेदार शुरूआत की। ओपनर अर्पित राणा और सुजल सिंह ने पहली गेंद से ही दबदबा बनाया और 149 रनों की बेहतरीन साझेदारी की। अर्पित ने 52 गेंदों पर आतिशी 87 रन बनाए, जबकि सुजल ने 46 गेंदों पर 59 रन की पारी खेली। हालांकि, 17वें ओवर में मैच ने करवट ली जब पुरानी दिल्ली 6 के गेंदबाजों ने ताबड़तोड़ प्रहार करते हुए दोनों सेट बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा और स्कोर 149/0 से 160/5 कर दिया। लेकिन नंबर 5 पर बल्लेबाजी करने आए मयंक रावत ने नाबाद 22 रन (10 गेंद) बनाकर टीम को 19.4 ओवर में जीत दिलाई। इससे पहले, पुरानी दिल्ली 6 ने 182/8 का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। प्रणव पंत ने 41 गेंदों पर 64 रनों की पारी खेली, जबकि समार्थ सेठ (35 रन, 23 गेंद) और कप्तान वंश बेदी (28 रन, 11 गेंद) ने तेजतर्रार योगदान दिया।

# एथलेटिक्सः गुलवीर सिंह ने हंगरी में 3000 मीटर में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में किया सुधार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय मिडिल और लॉन्ग डिस्टेंस धावक गुलवीर सिंह ने मंगलवार को हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित हंगेरियन एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की 3000 मीटर स्पर्धा में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। गुलवीर ने 7 मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर फिनिश किया। केन्या के मैथ्यू किपसांग ने 7 मिनट 33.23 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। गुलवीर का इस इवेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7 मिनट 38.26 सेकंड था, जो उन्होंने फरवरी 2025 में बोस्टन यूनिवर्सिटी डेविड हेमरी वेलेंटाइन इनविटेशनल में बनाया था। 27 वर्षीय गुलवीर 5000 मीटर और 10,000 मीटर में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं। हाल ही में



उन्होंने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इन दोनों स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीते थे। गुलवीर ने 5000 मीटर में 13 मिनट 01.00 सेकंड के प्रवेश मानक से बेहतर प्रदर्शन कर आगामी विश्व चैंपियनशिप (टोक्यो) के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने फरवरी में बोस्टन यूनिवर्सिटी ट्रैक एंड टेनिस सेंटर में 12 मिनट 59.77 सेकंड का समय निकाला था।



# द पैराडाइज में नानी निभाएंगे जदाल का किरदार

नानी की नई आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म द पैराडाइज से उनके किरदार का लुक जारी किया गया है। जिसमें उनका अनोखा अंदाज फैंस को भी हैरान कर रहा है। इस फिल्म में उनके किरदार का नाम है जदाल। तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म द पैराडाइज का निर्देशन श्रीकांत ओडेला ने किया है, जिन्होंने पहले नानी के साथ फिल्म दशहरा में साथ काम किया है। नानी फिल्म द पैराडाइज में जदाल नाम के किरदार में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने एक्स हैंडल पर नानी की एक शानदार तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, इसका नाम जदाल....

## नानी के किरदार जदाल का लुक और फैंस के कमेंट्स

इस लुक में नानी घनी दाढ़ी, लंबी मूंछें और दो चोटियों में खतरनाक अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, जो काफी साहसिक और अलग है। निर्माताओं ने इस किरदार को बेबाकी से पेश किया है। आंखों पर काला चश्मा और गले में ब्लैक सिल्वर ज्वैलरी में नानी का लुक फैंस को हैरान कर रहा है। नानी को जदाल के लुक में देखने के बाद फैंस ने भी जमकर अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। एक फैन ने लिखा, क्या यह लुक किसी फिल्म या किरदार से प्रेरित है, एक और फैन ने लिखा, जदाल...आधुनिक लुक और चोटियों से हैरान हूं..., एक फैन ने लिखा, गैंगस्टर ड्रामा...

## फिल्म द पैराडाइज के बारे में

फिल्म द पैराडाइज में नानी के अलावा जान्हवी कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी जबकि मोहन बाबू और राघव जुयाल सहायक किरदार भूमिका निभाएंगे। द पैराडाइज 1980 के दशक के सिकंदराबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो एक हाशिए पर पड़े समुदाय की कहानी दिखाती है, जो एक नेता की तलाश में है। फिल्म को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, बंगाली, अंग्रेजी और स्पेनिश में 26 मार्च, 2026 को रिलीज किया जाएगा। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध ने तैयार किया है। इस फिल्म का निर्माण एसएलवी सिनेमाज कर रहे हैं।



# राधिका आप्टे ने माना बॉलीवुड और हॉलीवुड में बड़ा फर्क

अभिनेत्री राधिका आप्टे हाल ही में नेहा धूपिया के चैट शो फ्रीडम टू फीड में नजर आईं, जहां उन्होंने माना कि प्रेग्नेंट एक्ट्रेस को लेकर अब भी बॉलीवुड दकियानूसी सोच में उलझा हुआ है। उन्होंने अपने प्रेग्नेंसी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक प्रोड्यूसर के अजीब से रवैए का शिकार होना पड़ा था। नेहा धूपिया के चैट शो फ्रीडम टू फीड के दौरान राधिका ने बताया कि प्रेग्नेंसी की घोषणा के बाद उन्हें कई भावनात्मक और शारीरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने मां बनने को लेकर समाज में मौजूद पुराने सोच और भेदभाव पर भी बात की। राधिका ने कहा, मैं उस समय जिन भारतीय प्रोड्यूसर के साथ काम कर रही थी, उन्हें मेरी प्रेग्नेंसी की खबर अच्छी नहीं लगी। उन्होंने आगे बताया, उनका बर्ताव मेरे प्रति सख्त हो गया था और उन्होंने मुझसे टाइट कपड़े पहनने की जिद की, जबकि मैं उस समय खुद को बहुत असहज महसूस कर रही थी। मैं अपनी गर्भावस्था के पहले तिमाही में थी, मुझे बार-बार भूख लगती थी, और मैं चावल या पास्ता जैसी चीजें ज्यादा खा रही थी। शरीर में आम बदलाव आ रहे थे, लेकिन उस समय समझदारी दिखाने के बजाय उन्होंने मुझसे बेरूखी से बर्ताव किया। अभिनेत्री ने बताया कि दर्द और मेरे असहज होने के बावजूद प्रोड्यूसर ने सेट पर डॉक्टर से मिलने की अनुमति तक नहीं दी। हालांकि, राधिका उस दौरान अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर भी काम कर रही थीं, जिसको लेकर उन्होंने निर्माता की तारीफ करते हुए कहा, हॉलीवुड के एक फिल्म निर्माता ने मेरा बहुत समर्थन किया था। जब मैंने उनसे कहा था कि मैं ज्यादा खा रही हूं और शूटिंग के आखिरी तक मेरा लुक बदल सकता है, तो उन्होंने हंसकर कहा, चिंता मत करो, अगर तुम इस प्रोजेक्ट के आखिरी तक पूरी तरह बदल भी जाओ, तो भी कोई बात नहीं, क्योंकि तुम गर्भवती हो। उनका यह समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता। राधिका ने बताया कि वह प्रोफेशनल जिम्मेदारियों को अच्छे से समझती हैं, और हमेशा उनका सम्मान भी करती हैं। उन्होंने कहा, लेकिन उस समय थोड़ी सी सहानुभूति बहुत काम आती है। मैं किसी से विशेष व्यवहार की उम्मीद नहीं कर रही थी, बस थोड़ी-सी इंसानियत और समझदारी ही चाहती थी। चाहती थी कि मेरी इस खुशी को लोग थोड़ा समझें। राधिका की मुलाकात बेनेडिक्ट टेलर से 2011 में लंदन में हुई थी, जब वह एक साल के ब्रेक पर थीं और कंटेम्परेरी डांस सीखने गई थीं। दोनों ने 2013 में शादी की थी, और दिसंबर 2024 में राधिका ने बेटी को जन्म दिया था।



# अनुराग कश्यप की निशानची का ट्रेलर रिलीज, दोहरी भूमिका में दिखे ऐश्वर्या ठाकरे



फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी फिल्म निशानची से धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। अपनी फिल्म में वह इस बार महाराष्ट्र के सबसे प्रभावशाली परिवारों में से एक से एक नए कलाकार को पेश कर रहे हैं। यह कोई और नहीं बल्कि बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्या ठाकरे हैं। फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। आज शुक्रवार को फिल्म निशानची का टीजर रिलीज किया गया है। इसमें भरपूर मसाला, इमोशंस और ड्रामा है।

## क्या होगी फिल्म की कहानी?

निशानची में दो भाइयों के बीच के जटिल और अशांत संबंधों के बारे में दिखाया गया है। दोनों की जिंदगी नाटकीय रूप से अलग-अलग मोड़ लेती है। दोनों अलग-अलग रास्ते पर निकल पड़ते हैं। टीजर में देसी अंदाज देखने को मिल रहा है। इसमें बंदूक, गोली, रोमांस और एक्शन है।

## टीजर में क्या है खास?

टीजर की शुरुआत कुछ इस तरह से होती है कि एक व्यक्ति कहता है कि बिना बॉलीवुड, काउनों जिंदगी कैसे जिए? इसके बाद टीजर में म्यूजिक, डांस और एक्शन दिखता है। टीजर में एश्वर्या ठाकरे बब्लू के किरदार में नजर आते हैं। वह अपने स्टाइल और अलग एटीट्यूड में रहते हैं। फिल्म में वेदिका पिंटो भी नजर आती हैं। वेदिका पिंटो ऐश्वर्या ठाकरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती है। दोनों की केमिस्ट्री को बहुत अच्छे अंदाज में दिखाया गया है।

## टीजर में नजर आए कई कलाकार

इसके बाद टीजर में डब्लू की एंट्री होती है। बब्लू जितना बिगडैल है, डब्लू उतना ही संस्कारी है। इनके अलावा टीजर में मोहम्मद जीशान अय्यूब नजर आते हैं।

# शिल्पा शेट्टी द ग्रेट इंडियन कपिल शो में बहन शमिता के लिए ढूंढ रही हैं परफेक्ट दूल्हा

द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3 का अपकमिंग एपिसोड रक्षा बंधन के मौके पर खास होने वाला है। इस मौके पर शो में खास मेहमान के रूप में दो भाई-बहन की जोड़ियां आएंगी – शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी, और हुमा कुरैशी और साकिब सलीम। यह एपिसोड हंसी-मजाक, पारिवारिक किस्सों और मजेदार बातचीत से भरपूर होगा। शो के नए प्रोमो में शिल्पा शेट्टी अपनी छोटी बहन शमिता के लिए दूल्हा ढूंढने की जिम्मेदारी लेती दिख रही हैं, और वह भी नेटफ्लिक्स जैसे ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर! एक हल्की-फुल्की बातचीत के दौरान फिल्म धड़कन फेम एक्ट्रेस शिल्पा मजाक में कहती हैं, मैं तो बेशर्म भी हूं, मैं तो किसी से भी सामने से पूछ लेती हूं, तुम्हारी शादी हो गई है?

शिल्पा दर्शकों को खूब हंसाते हुए आगे कहती हैं, वो (लड़का) सोचता होगा कि तुम्हारी तो शादी हो चुकी है, अब मुझसे ये सवाल क्यों पूछ रही हो? फिर मैं कहती हूं, नहीं नहीं, ये सवाल मेरे लिए नहीं है, मेरी छोटी बहन के लिए है! असल में, मैं तो बहुत जल्दी किसी से इम्प्रेस हो जाती हूं, इसलिए ऐसा करती हूं! कपिल मस्ती को और आगे बढ़ाते हुए हुमा से उनके डेटिंग ऐप वाले कोलैबरेशन पर मजाक करते हैं और हंसते हुए शमिता को भी उसे आजमाने की सलाह देते हैं। लेकिन एपिसोड का असली ट्विस्ट तब आता है, जब एक फैन प्राची ने स्टेज पर आकर साकिब सलीम को शायरी के साथ प्रपोज कर दिया। प्राची ने जब जिक्र किया कि उनका एक छोटा भाई भी है, तो शिल्पा की आंखें चमक उठीं। उन्होंने तुरंत पूछा, वह कितने साल का है? यह सुनकर साकिब ने हंसते हुए कहा, ये रक्षा बंधन स्पेशल था या मैट्रिमोनी स्पेशल? जिससे दर्शक ठहाकों से लोटपोट हो गए। प्रोमो के शुरुआती में शिल्पा ने कपिल के वजन कम होने पर चुटकी ली, तो कपिल भी तुरंत जवाब देते हुए कहते हैं, शायद उन्होंने ये टिप्स शिल्पा से ही लिए हैं, और मजाक में कहा कि उनकी उम्र हर साल कम होती जा रही है।



# मायासभा में सशक्त महिला की भूमिका पर बोलीं दिव्या दत्ता

अभिनेत्री दिव्या दत्ता की वेब सीरीज मायासभा- द राइज ऑफ द टाइटन्स बुधवार को रिलीज हो चुकी है। सीरीज में दिव्या सशक्त महिला के किरदार में हैं। उन्होंने पुरुष-प्रधान दुनिया में एक सशक्त महिला के किरदार निभाने के अनुभव को साझा किया। दिव्या दत्ता से पूछा गया कि मायासभा- द राइज ऑफ द टाइटन्स में वह एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं, जो पुरुष-प्रधान दुनिया में है। पुरुषों के वर्चस्व वाले इस इंडस्ट्री में इस तरह के मजबूत किरदार को निभाने का अनुभव कैसा रहा? इसके जवाब में दिव्या ने कहा कि अनुभव जबरदस्त था। बातचीत में दिव्या ने कहा, पुरुष के दबदबे वाली दुनिया में एक सशक्त महिला के किरदार को निभाना बहुत शानदार रहा। अगर आप अपने काम को अच्छे से करते हैं, चाहे वह कोई भी पेशा हो, तो आप उसमें अपनी पहचान बना लेते हैं। एक्टिंग, राजनीति, या कोई और क्षेत्र, आप अपनी छाप छोड़ने में सफल होते हैं। उन्होंने आगे कहा, भले ही आपको हर जगह सराहना न मिले, लेकिन लोग आपके काम की ताकत और उस खासियत को जरूर नोटिस करेंगे। अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने कहा कि उनके किरदार इरावती को निर्देशक देवा कट्टा के स्पष्ट नजरिए ने आकार दिया, जिससे उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में न केवल मदद बल्कि आत्मविश्वास और स्पष्टता भी मिली।



# मध्य प्रदेश में फिर एक्टिव हुआ मानसून आज 13 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

- प्रदेश में अब तक 29.7 इंच हो चुकी बारिश

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मानसून एक बार फिर एक्टिव हो गया है। राजधानी भोपाल में आज सुबह से काले बादल छाए हुए हैं। दमोह में भी सुबह करीब 4 बजे शुरू हुई बारिश 8 बजे तक जारी रही। नर्मदापुरम के पिपरिया में भी करीब एक घंटे तक बारिश हुई। इटारसी में भी रिमझिम बारिश हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को 13 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिसके मुताबिक 24 घंटों में जमकर बारिश होगी। इस मानसूनी सीजन में अब तक औसत 29.7 इंच बारिश हो चुकी है, जो कोटे की 79 प्रतिशत है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अभी एक ट्रफ और एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम की एक्टिविटी है। आज 13 अगस्त से उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर से साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है। अगले 24 घंटे में यह और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। इससे बारिश का दौर फिर शुरू होगा। बुधवार को सीहोर, हरदा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। यहां अगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। इससे पहले मंगलवार को उमरिया में ढाई इंच से ज्यादा पानी गिर गया। ग्वालियर में आधा इंच से ज्यादा, सीधी में आधा इंच बारिश हुई। इंदौर, पचमढ़ी, बालाघाट, सागर, रीवा, मंडला, डिंडौरी, सिवनी, मैहर, दमोह समेत कई जिलों में भी हल्की बारिश दर्ज की गई। मध्य प्रदेश की औसत बारिश 37 इंच है जबकि 29.7 इंच पानी गिर चुका है। ऐसे में बारिश का आंकड़ा कोटे से सिर्फ 7.3 इंच दूर है। अब तक 6.6 इंच ज्यादा यानी 23.1 इंच बारिश हो चुकी है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दूसरे पखवाड़े में तेज बारिश का दौर शुरू होगा, जो महीने के आखिरी तक चलता रहेगा। ऐसे में कई जिलों में बारिश का कोटा अगस्त में ही पूरा हो जाएगा। अब तक ग्वालियर समेत 10 जिलों में कोटा पूरा हो चुका है लेकिन इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों की तस्वीर बेहतर नहीं है। जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में औसत से 35 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से यानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में 22 प्रतिशत बारिश अधिक हुई है।




### दक्षिण बंगाल में उमस, उत्तर बंगाल में भारी बारिश

**कोलकाता :** दक्षिण बंगाल में तापमान और उमस से लोग बेहाल हैं, जबकि उत्तर बंगाल में अगले 48 घंटे के दौरान भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। अलीपुर मौसम विभाग ने बुधवार और गुरुवार को जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में 200 मिलीमीटर से अधिक वर्षा की संभावना जताते हुए लाल चेतावनी जारी की है। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग में भारी से अति भारी बारिश के लिए नारंगी चेतावनी जारी किया गया है, वहीं उत्तर दिनाजपुर में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार से उत्तर बंगाल में बारिश की तीव्रता कम हो सकती है, हालांकि इस दौरान भूस्खलन और बाढ़ का खतरा बना रहेगा। उमौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव क्षेत्र बनने की आशंका है, जिसका असर बुधवार से दक्षिण बंगाल के कई जिलों में दिख सकता है। उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर तथा नदिया जिलों में तेज हवा और बारिश की संभावना को देखते हुए पीली चेतावनी जारी की गई है। इन क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। विभाग ने बुधवार से मछुआरों को बंगाल और ओडिशा के तटीय इलाकों में समुद्र में न जाने की सलाह दी है, क्योंकि उस दौरान समुद्र में तेज हवाएं चलेंगी और लहरें ऊंची उठेंगी।

## नंद बाबा दुग्ध मिशन का लाभ लेने को पशुपालक करें 23 अगस्त तक आवेदन

एजेंसी

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश सरकार ने पशुपालन विभाग एवं नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना के तहत स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के लिए पशुपालकों रोजगार उपलब्ध कराने के लिए चार नई योजनाओं को शुरू करने के साथ नंद बाबा दुग्ध मिशन में लाभ पाने के लिए आवेदन करने की समय सीमा अब आगे बढ़ा दिया है। पशुपालक अब 23 अगस्त तक आवेदन कर सकते है। यह जानकारी बुधवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी प्रयागराज डॉ.शिवनाथ यादव ने दी। उन्होंने बताया कि उप्र सरकार ने नंद बाबा दुग्ध मिशन का लाभ लेने के लिए 13 अगस्त तक आवेदन मांगा था। सरकार अधिक से अधिक पशु पालक एवं किसानों को लाभ देने के लिए अब समय सीमा को बढ़ाते हुए 23 अगस्त कर दिया है। डॉ. शिवनाथ यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार ने स्वदेशी गाय पालन को बढ़ाने के साथ ही किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए चार नई योजनाएं शुरू की है। जिसमें अनुदान, रोजगार और पुरस्कार एवं बैंक ऋण की योजना शुरू किया है। उन्होंने बताया? कि नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में पशुपालक को 62.50 लाख रूपए खर्च करना होगा। इस योजना में पचास फीसदी 31.25 लाख रूपए का अनुदान तीन किस्तों में सरकार देगी। लाभार्थी को 25 स्वदेशी नस्ल की गाय प्रदेश के बाहर से खरीदनी होगी।



**मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना**

इस योजना की लागत 23.60 लाख रूपए है। इसमें भी पचास फीसदी का अनुदान सरकार देगी। इस योजना के तहत पशुपालक को 10 स्वदेशी नस्ल की गाय खरीदनी होगी।

**मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना**

इस योजना के तहत एक पशुपालक को 2 गायों की खरीद पर प्रति गाय 40 प्रतिशत (अधिकतम 80,000) का अनुदान मिलेगा। दोनों गायों का बीमा एवं चारा काटने की मशीन अनिवार्य है।

**मुख्यमंत्री प्रगतिशील प्रोत्साहन योजना**

इस योजना के तहत योगी सरकार प्रतिदिन 8झ्12 लीटर दूध उत्पादन पर 10,000 तथा 12झ्15 लीटर उत्पादन पर 15,000 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सभी योजनाओं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 13 अगस्त रात 12:00 बजे निर्धारित किया गया था। हालांकि अधिक से अधिक पशुपालक भाइयों को लाभ देने के लिए इसकी समय अवधि को अब 23 अगस्त कर दिया है।

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट भेजी तो होगी कार्रवाई, दो माह तक धारा 163 लागू

एजेंसी

**जबलपुर :** मप्र के जबलपुर जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर अगले दो माह तक प्रभावी रहेगा। यह आदेश आगामी त्यौहारों श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, शारदेय नवरात्र, करवा चौथ और दीपावली पर्व को देखते हुए लगाया गया है। आदेश के अनुसार बिना प्रशासनिक अनुमति किसी भी प्रकार का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। अवैध आयोजन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 और अन्य प्रावधानों के तहत कार्रवाई होगी। जिले में दोपहिया वाहन रैली और डीजे के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही, ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन अनिवार्य होगा और आपत्तिजनक नारे या गाने बजाना सख्त वर्जित है। प्रशासनिक अनुमति प्राप्त आयोजनों में भी ऐसे नारे या शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा, जो किसी धर्म या वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हों। इसके अलावा, पशुओं को सड़कों पर खुले छोड़ने, किरायेदार या पेइंग गेस्ट रखने, घरेलू या व्यावसायिक नौकर रखने की स्थिति में संबंधित थाने को पूर्व सूचना देना अनिवार्य किया गया है। सोशल मीडिया पर भी आपत्तिजनक, भड़काऊ या साम्प्रदायिक संदेश, फोटो, वीडियो पोस्ट, शेयर, लाइक या कमेंट करना प्रतिबंधित किया गया है। पेट्रोल पंप से खुले में पेट्रोल-ज्वलनशील पदार्थ की बिक्री और अवैध तंबाकू उत्पाद, ई-सिगरेट आदि के क्रय-विक्रय पर भी रोक लगाई गई है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## जलपाईगुड़ी में भारी बारिश से मिट्टी की दीवार ढही, भाई-बहन की मलबे में दबकर मौत



एजेंसी

**जलपाईगुड़ी :** उत्तर बंगाल में हो रही मूसलाधार बरसात के कारण मंगलवार रात जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज ब्लॉक के साहू डांगी के पाघालुपाड़ा इलाके में मिट्टी की दीवार ढहने से घर में सो रहे भाईझ्बहन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मधुमिता मोदक (03) और देवायन मोदक (डेढ़ वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों अपने माताझ्पिता के साथ टिन की छत वाले मिट्टी के मकान में सो रहे थे। उसी दौरान पास में बने पड़ोसी मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी और बच्चे मलबे में दब गए। तेज बारिश और रात के अंधेरे में स्थानीय लोग किसी तरह मलबा हटाकर उन्हें बाहर लाए, लेकिन तब तक दोनों ने दम तोड़ दिया था। जलगाईगुड़ी जिले में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने यहां लाल अलर्ट जारी किया था। मंगलवार को भी दिनभर झमाझम बारिश होती रही, जिससे जमीन नमी से भर चुकी थी और मिट्टी के बने ढांचे कमजोर हो गए थे।

## सपा विधायकों ने चौधरी चरण सिंह प्रतिमा के समक्ष दिया धरना

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा में सरकार विजन डॉक्यूमेंट 2027 पर 24 घण्टे के लिए विस्तृत चर्चा शुरू करने जा रही है। उससे पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों ने बुधवार को विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। सपा का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में किया वादा पूरा नहीं किया है। इसलिए हमारी पार्टी इस सरकार का विरोध करती है। पहले वादा पूरा करे, फिर विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा करें। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार यूपी विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को 24 घण्टे के लिए विशेष चर्चा कर रही है। इसमें 1950 से 2025 तक उत्तर प्रदेश के विकास की यात्रा पर चर्चा की जाएगी। साथ ही 2047 में उत्तर प्रदेश कैसा होगा, विजन तैयार किया जाएगा।




### मप्र: केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह आज तिरंगा और स्वदेशी मार्च में होंगे शामिल

**भोपाल :** केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज (बुधवार को) मध्य प्रदेश के विदिशा और रायसेन जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। वे यहां आयोजित होने वाले तिरंगा और स्वदेशी मार्च में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान आज दोपहर दो बजे विदिशा से प्रारंभ होने वाली तिरंगा और स्वदेशी मार्च का शुभारंभ करेंगे तथा तिरंगा और स्वदेशी मार्च के साथ शाम चार बजे रायसेन पहुचेंगे। यहां तिरंगा और स्वदेशी मार्च के समापन उपरांत केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान रायसेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मुख्यमंत्री साय आज खैरागढ़ जिले के दौरे पर, भाजपा जिला कार्यालय का करेंगे लोकार्पण

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बुधवार को दिनभर कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइन रायपुर से प्रस्थान कर दूरदर्शन केन्द्र रायपुर पहुंचेंगे। वहां कुछ समय बिताने के बाद पुनः मुख्यमंत्री निवास लौटेंगे। दोपहर 1 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर से खैरागढ़ जिले के पिपरिया मैदान हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां नवीन भाजपा जिला कार्यालय का लोकार्पण करेंगे और जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में हिस्सा लेंगे। शाम को रायपुर वापस लौटकर शहीद स्मारक भवन में आयोजित ह्नतिरंगा यात्राह्व कार्यक्रम में भी भाग लेंगे, जो मरीन ड्राइव तेलीबांधा तक होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशवासियों में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत किया जाएगा।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान मामूली उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में कुछ गिरावट भी आई। लेकिन थोड़ी देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों की रफ्तार तेज होने लगी। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अपोलो हॉस्पिटल, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, हीरो मोटोकॉर्प और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयर 5.39 प्रतिशत से लेकर 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और टाइटन कंपनी के शेयर 0.62 प्रतिशत से लेकर 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,095 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,351 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 744 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।



बीएसई का सेंसेक्स आज 256.58 अंक की मजबूती के साथ 80,492.17 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से थोड़ी ही देर में ये सूचकांक गिर कर 80,330.33 अंक तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर लगाया, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 304.19 अंक की मजबूती के साथ 80,539.78 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 98.80 अंक उछल कर 24,586.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक पहले 15 मिनट में ही गिर कर 24,535.25 अंक तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 111.40 अंक की बढ़त के साथ 24,598.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 368.49 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 80,235.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 97.65 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,487.40 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### क्षेत्री में भीषण सड़क हादसा, दंपति की मौत, किशोरी गंभीर रूप से घायल

**गुवाहाटी :** असम की राजधानी के क्षेत्री के चक्षुरा स्थित 27 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। गुवाहाटी से नगांव की ओर जा रही मारुति एस-क्रॉस कार (एएस-01ईटी-2351) अनियंत्रित होकर डिवाइडर के बीच स्थित एक पेड़ से जोरदार टकरा गई। हादसे में कार के आगे की सीट पर बैठे पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीछे की सीट पर बैठी एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। क्षेत्री यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और घायल किशोरी को गंभीर अवस्था में अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार, मृत दंपति की पहचान अब तक नहीं हो पाई है, हालांकि घायल किशोरी को उनका बच्चा होने का संदेह है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे की जगह के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर कृत्रिम जलभराव के कारण आए दिन छोटे-बड़े सड़क हादसे होते हैं, लेकिन इस दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अब तक कोई ठोस सुरक्षा कदम नहीं उठाए हैं।

### हेयर ट्रांसप्लांट से मरीज की मौत मामले में आरोपित डॉक्टर को मिली जमानत

**प्रयागराज :** हेयर ट्रांसप्लांट के कारण व्यक्ति की मौत हो जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपी डॉक्टर अनुष्का तिवारी की जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने दिया है। कानपुर नगर के थाना रावतपुर में डॉक्टर अनुष्का तिवारी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या में मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उन्होंने हेयर ट्रांसप्लांट किया था जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। डॉक्टर ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की। याची के अधिवक्ता ने दलील दिया कि उनकी मुवक्किल निर्दोष है और उसे झूठा फंसाया गया है। डॉ. तिवारी एक दंत चिकित्सक हैं जो कानपुर नगर में एक क्लिनिक चलाती हैं। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि हेयर ट्रांसप्लांट डॉ. तिवारी ने किया था। यह भी कहा गया कि मृतक ने साईं राम चैरिटेबल अस्पताल, कानपुर नगर के डॉ. मनीष से हेयर ट्रांसप्लांट कराया था। जब मृतक की हालत बिगड़ी, तो उसे पहले अनुराग अस्पताल और फिर रीजेंसी अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। डॉ. अनुष्का तिवारी 26 मई, 2025 से जेल में हैं और उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। जमानत पर रिहा होने पर वह इसका दुरूपयोग नहीं करेंगी। वहीं, अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया। उन्होंने कहा कि मृतक को डॉ. तिवारी के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, और जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई तो उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। न्यायालय ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, आरोपों की प्रकृति, सजा की गंभीरता, और गवाहों के साथ छेड़छाड़ की आशंका जैसे कारकों पर विचार करते हुए डॉ. तिवारी की जमानत अर्जी सशर्त मंजूर कर ली है।

### 112 पुलिस की गाड़ी ने महिला को रौंदा, हुई मौत

**अमेठी :** सुरक्षा आपकी, संकल्प हमाराश्‍ के स्लोगन पर कार्य करने वाली पुलिस ने ही लोगों को असुरक्षित कर दिया है। ताजा मामले में डायल 112 की पुलिस वैन ने नेत्र क्रिया के लिए सड़क के किनारे पैदल जा रही महिला को रौंद दिया है। जिसके चलते महिला की मौत हो चुकी है। सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस आवश्यक वैधानिक कार्यवाही में जुटी हुई है। मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चेतरा बुजुर्ग गांव की रहने वाली अंजुम बानो (33) पत्नी इजरायल बुधवार की सुबह नित्य क्रिया के लिए घर से निकलकर सड़क के किनारे जा रही थी। तभी तेज रफ्तार डायल 112 की पुलिस वैन ने अंजुम को रौंदते हुए सड़क के किनारे उतरकर फंस गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं 112 की गाड़ी में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल अंजुम बानो को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर इलाज के दौरान अंजुम बानो ने दम तोड़ दिया है। जिसके बाद अंजुम के घर में कोहराम मच गया है। मोहनगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मैं स्वयं पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गया। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई है। शबनम बानो की मौत के बाद लाश का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए गौरीगंज भेज दिया गया है। इस घटना में आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### असम के समाज, संस्कृति और शिक्षा क्षेत्र में भवेंद्रनाथ सैकिया का योगदान अद्वितीय : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने प्रख्यात साहित्यकार डॉ. भवेन्द्र नाथ सैकिया की पुण्यतिथि पर उनके साहित्यिक योगदान, चिंतन और असम के समाज, संस्कृति एवं शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य उपहार के प्रति गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैकिया के विचारों की गहराई और सूक्ष्म संवेदनाओं को सृजनात्मक रूप में पाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि आज उनकी पुण्यतिथि पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से दिवंगत सैकिया को चित्रित करने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री ने सैकिया को सादर नमन किया।

### बालोद में युवक की चाकू मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बालोद :** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बीती रात धमतरी जिले के युवक की चाकू से हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान भागवत मरकाम के रूप में हुई है, जो धमतरी जिले के ग्राम माडमसिल्ली का रहने वाला है। मामला पुरुर थाना क्षेत्र के चिटौद गांव का है। पुरुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती देर रात रात सूचना मिली की चिटौद गांव में बंसत किराना स्टोर के पास खून से सना युवक पड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को धमतरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जिला धमतरी जिले के थाना केरेगांव अंतर्गत ग्राम माडमसिल्ली निवासी भागवत मरकाम के रूप में हुई है। फिलहाल शव को धमतरी के जिला अस्पताल के मचुर्री में रखा गया है। वहीं पुलिस ग्राम चिटौद के एक युवक मनीष सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज भारतीय बाजार के लिए पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजारों में आज खरीदारी का माहौल बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही, जिससे वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 1.13 प्रतिशत की छलांग लगा कर 6,445.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 296.50 अंक यानी 1.39 प्रतिशत उछल कर 21,681.90 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.04 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 44,473.28 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 9,147.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,753.42 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,024.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज चौतरफा खरीदारी का माहौल बना हुआ है। एशिया के सभी 9 बाजार के सूचकांक आज हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 115 अंक यानी 47 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,618 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,211.03 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 438.32 अंक यानी 1.76 प्रतिशत उछल कर 25,408 अंक के स्तर पर आ गया है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 651.83 अंक यानी 1.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ 43,370 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,877.45 अंक के स्तर पर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,266.76 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.69 प्रतिशत उछल कर 1,267.81 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.56 प्रतिशत की छलांग लगा कर 3,686.34 अंक के स्तर पर और ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ 24,173.24 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### 73 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़ाये, 11.36 लाख लगाया जुर्माना

**जमशेदपुर :** गैर कंपनी इलाके जमशेदपुर समेत कोल्हान के तीनों जिलों में बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग की अलग-अलग टीम ने 48 घंटे में दोबारा 773 जगहों में औचक छापेमारी की। इसमें 73 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़ाये। सभी 73 आरोपियों का बिजली कनेक्शन ऑन द स्पॉट काटते हुए उनके खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज कराया गया। साथ ही 73 उपभोक्ताओं पर 11.36 लाख रुपये जुमार्ना लगाया गया। बिजली विभाग की टीम ने आरोपियों के घर के बिजली मीटर व चोरी में इस्तेमाल तार को जब्त कर लिय। यह छापेमारी अभियान जमशेदपुर, मानगो, घाटशिला, आदित्यपुर, सरायकेला, चक्रधरपुर, चाईबासा विद्युत प्रमंडल में की गयी। वहीं सोमवार को बिजली विभाग की अलग-अलग टीम ने कुल 798 जगहों पर औचक छापेमारी कर बिजली चोरी करते 77 उपभोक्ताओं को पकड़ा था। उनपर कुल 14।68 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

### एमजीएम अस्पताल में खुला ऑडियोलॉजी कक्ष, मरीजों के कानों की होगी जांच

**जमशेदपुर :** जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे उनकी सुनने की क्षमता कम होती जाती है। लोगों में 50 वर्ष के बाद सुनने की क्षमता कम होनी शुरू हो जाती है, इससे बचने के लिए लोगों को अपने कानों की जांच करानी चाहिए। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसको ध्यान में रखते हुए एमजीएम अस्पताल में एक ऑडियोलॉजी सेंटर खोला गया है। इसकी जानकारी देते हुए एमजीएम अस्पताल के इएनटी विभाग के डॉ रोहित झा ने बताया कि इसको लेकर अस्पताल में दो मशीन की खरीदारी की गयी है। जिससे लोगों के सुनने की क्षमता की जांच होगी। ऑडियोमेट्री परीक्षण हमारी सुनने की क्षमता को मापता है। मूल्यांकन में विभिन्न आवृत्तियों, ध्वनियों और पिचों को सुनने की हमारी क्षमता की जांच करना शामिल है। जब हमारे कानों की नसें ध्वनि तरंगों से उत्तेजित होती हैं, तो ध्वनि मस्तिष्क तक जाती है। यह बुनियादी श्रवण प्रणाली बनाता है। इस प्रणाली का मूल्यांकन करता है ऑडियोमेट्री परीक्षण। श्रवण हानि अधिकतर 50 वर्ष से अधिक उम्र की आबादी में देखी जाती है। हालांकि किशोरों और युवा वयस्कों में भी सुनने की क्षमता में कमी की समस्या बढ़ रही है। उन लोगों के लिए श्रवण संबंधी विसंगतियों का शीघ्र पता लगाने में ऑडियोमेट्री स्क्रीनिंग फायदेमंद होगा। इसकी जांच के लिए बाहर में एक हजार रुपये तक लगता है, जबकि एमजीएम अस्पताल में इसकी निःशुल्क जांच होगी।

### 59 विद्यार्थियों का अंक पत्र हुआ गुम, थाना में सनहा

**धनबाद :** बिनोद बिहारी महतो स्मारक उच्च विद्यालय निचितपुर के नौवीं पासआउट विद्यार्थियों का अंक प्रमाण पत्र गुम हो गया है। घटना मंगलवार की है। विद्यालय के क्लर्क राजू महतो 59 विद्यार्थियों का अंक प्रमाण पत्र जिला से लेकर विद्यालय जा रहे थे। झगराही से स्कूल के बीच कहीं सभी अंक पत्र गुम हो गये। इसके बाद परीक्षा विभाग को इसकी जानकारी दी गयी। राजू महतो द्वारा घंटों अंक प्रमाण पत्र की खोजबीन की गयी, लेकिन नहीं मिला। मामले की जानकारी विद्यालय के एचएम गंगाधर महतो को दी गयी। इसके बाद जिला शिक्षा विभाग को इसकी सूचना दी गयी। एचएम गंगाधर महतो ने इस मामले में बरोरा थाना में सनहा कराया है। बताया गया है कि झगराही से खोनाठी बस्ती के बीच में अंक प्रमाण पत्र गिरा है। लिखित आवेदन पर थाना में सनहा दर्ज कर लिया गया है।

अंक प्रमाण पत्र बच्चों को नहीं मिला, तो बोर्ड को आवेदन देकर डुप्लीकेट अंक प्रमाण पत्र जारी कराना होगा। फिलहाल विद्यालय के शिक्षकों के साथ अन्य लोग अंक प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।

### चार इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स अगले आदेश तक स्थगित

**धनबाद :** बीबीएमकेयू ने अगस्त में होनेवाले चार इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स टूनामेंट को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। इनमें आरएसपी कॉलेज झरिया में 12-13 अगस्त को होनेवाला शतरंज टूनामेंट, 18 अगस्त को कतरास कॉलेज में होनेवाला वेट लिफ्टिंग, कतरास कॉलेज में ही 19 अगस्त को होनेवाली पावर लिफ्टिंग, 20 से 22 अगस्त को चास कॉलेज में प्रस्तावित फुटबॉल टूनामेंट शामिल है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ पुष्पा कुमारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। बताते चलें कि विश्वविद्यालय की ओर से 21 जुलाई को इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स टूनामेंट का कैलेंडर जारी किया गया था। कई कॉलेजों को पिछले वर्ष हुए इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स टूनामेंट के बिल का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

इस बार के लिए भी अभी तक फंड नहीं मिला है। कई कॉलेजों को एडवांस का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन नहीं मिला है। ऐसे में कॉलेजों ने हाथ खड़ा कर दिए हैं। इस कारण चार कॉलेजों में होनेवाले टूनामेंट को स्थगित कर दिया गया। आरएसपी कॉलेज झरिया में 12 व 13 अगस्त को होनेवाले टूनामेंट के स्थगित होने की जानकारी 11 अगस्त को दोपहर में दी गई है। प्राचार्यों का कहना है कि पिछले साल का पैसा नहीं मिला है। हमलोगों को कहा गया है कि बिल में प्रॉब्लम है। बिल में प्रॉब्लम है तो उसे सुधारकर भुगतान करें।

### मुखिया सेलाय को दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने का आमंत्रण

**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर प्रखंड की गोपीनाथपुर पंचायत के मुखिया सेलाय मुंडा को दिल्ली में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह का आमंत्रण मिला है। वे समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे। पेयजल स्वच्छता विभाग के उप निदेशक ने सेलाय मुंडा को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। इस खबर के बाद गोपीनाथपुर पंचायत समेत पूरे प्रखंड में हर्ष का माहौल है। दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय प्रत्येक राज्य से वैसे मुखिया का चयन करता है जिनके गांव को आदर्श श्रेणी में ओडीएफ प्लस यानी खुले में शौच मुक्त घोषित किया गया हो। साथ ही संबंधित गांव हर घर जल सत्यापित हो चुका हो। मुखिया सेलाय मुंडा अपने ग्राम पंचायत के विकास को लेकर सक्रिय रहते हैं।

### राष्ट्रीय एंटी रैगिंग डे सप्ताह शुरू

**धनबाद :** आईआईटी आईएसएम धनबाद में मंगलवार को राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग डे सप्ताह का शुभारंभ पेनमेन हॉल में हुआ। कार्यक्रम में एंटी-रैगिंग पर शॉर्ट फिल्म की स्क्रीनिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, क्विज समेत अन्य कार्यक्रम होंगे। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो। एसके गुप्ता तथा एसोसिएट डीन प्रो। संजय मंडल ने संबोधित किया। प्रो। संजय मंडल ने एंटी-रैगिंग अवेयरनेस प्रोग्राम की अहमियत पर बात की, जबकि प्रो। एसके गुप्ता ने कैंपस में रैगिंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट के सख्त निदेर्शों की जानकारी दी। रैगिंग पीड़ितों की कहानी दिखाती शॉर्ट फिल्म ने छात्रों का ध्यान खींचा। सभी ने एंटी रैगिंग की शपथ ली।



**स्मृति शेष :** दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पारंपरिक श्राद्ध कर्म के आज नौवें दिन मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति हेतु स्थानीय पारंपरिक विधान पूरा किया।

## वासेपुर में डीपीटी टीकाकरण से वंचित 45 बच्चे चिह्नित

**संवाददाता**

**धनबाद :** वासेपुर के न्यू इस्लामपुर में डिप्थीरिया के संदिग्ध मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा के निर्देश पर मंगलवार को सदर पीएचसी प्रभारी डॉ अनिता चौधरी के नेतृत्व में टीम ने न्यू इस्लामपुर, मिल्लतगंज, बदरू मैदान सहित आसपास के इलाकों में सर्वे किया। सर्वे में डीपीटी से वंचित 45 बच्चों की पहचान की गई। टीम में बीपीएम अभिजित सिन्हा, सीएचओ सिमरण मिश्रा और मुक्ति सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे। चिह्नित बच्चों के लिए बुधवार को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके तहत बदरू मैदान मस्जिद के पास चंदा दिलावर खान के घर में एएनएम रेखा कुमारी और मिल्लतगंज आंगनबाड़ी केंद्र में एएनएम रीता कुमारी टीकाकरण करेंगी।

सिविल सर्जन डॉ विश्वकर्मा ने लोगों से अपील की है कि वे डीपीटी से वंचित बच्चों को निर्धारित केंद्रों पर लाकर टीका लगवाएं। उन्होंने कहा कि यह बच्चों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। जिले के सभी टीकाकरण केंद्रों पर यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। बता दें कि सोमवार को न्यू इस्लामपुर की सात वर्षीय बच्ची में डिप्थीरिया जैसे लक्षण पाए गए थे, जिसके बाद उसे इलाज के लिए पटना भेजा गया था। फिलहाल बच्ची की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। इस घटना के बाद विभाग ने वासेपुर क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है और संक्रमण की रोकथाम के लिए अभियान तेज कर दिया गया है।

## रोजगार मेला युवाओं के कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है : डीसी

**संवाददाता**

**दुमका :** झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका द्वारा सरकारी आईटीआई परिसर में एक दिवसीय चतुर्थ पंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया और अपने संबोधन में कहा कि रोजगार मेला युवाओं के कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. ऐसे आयोजन युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होते हैं। उन्होंने युवाओं से अवसर का पूरा लाभ उठाने और अपने कौशल को समयानुसार अद्यतन रखने का आग्रह किया।

नियोजन पदाधिकारी कुमारी ने रोजगार मेले की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि नियोजनालय बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से ऐसे मेले आयोजित करता है, जिससे नियोजक एवं आवेदक एक ही मंच पर आकर संवाद स्थापित कर सकें। मेले में



शामिल प्रत्येक नियोजक ने अपनी-अपनी रिक्तियों, कार्य की प्रकृति, वेतनमान एवं अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के कुल 17 नियोजकों एवं उनके प्रतिनिधियों ने 3343 रिक्तियों के साथ भाग लिया। मेले में लगभग 590 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 193 अभ्यर्थी चयनित एवं 258 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए।

नियोजनालय ने बताया कि रोजगार मेलों की जानकारी एवं उपलब्ध रिक्तियों का विवरण पोर्टल पर भी उपलब्ध है, जिससे इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी समय जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर प्रीति कुमारी, नियोजन पदाधिकारी, शिव नन्दन प्रसाद (उप व लिपिक), बद्री नाथ पाण्डेय (उप व लिपिक), जय प्रकाश सिन्हा (उप व लिपिक), मनीष कुमार (यप), सुरज कुमार, अशोक कुमार, अरूण कुमार मंडल, विशाल कुमार सहित कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उत्साह और देश प्रेम की ऊर्जा के साथ मनाएं स्वतंत्रता दिवस : उपायुक्त

**संवाददाता**

**देवघर :** स्थानीय केकेएन स्टेडियम में बुधवार को जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडूग की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इसके अलावे पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में जैप-5 के जवानों की टुकड़ी सहित महिला/पुरूष पुलिस जवान, गृह रक्षा वाहिनी कैडेरों, स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सार्जेन्ट मेजर द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया गया।

इसके अलावे स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के तहत परेड का पूर्वाभ्यास पूर्व से ही चल रहा था, जिसके तहत बुधवार को अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान मौके पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री लकड़ा ने सभी का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि चेहरे पर आत्मविश्वास, उत्साह और राष्ट्र प्रेम की ऊर्जा के साथ कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। साथ ही उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय ध्वजारोहण हेतु मुख्य समारोह के साथ-साथ संध्या पहर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम




का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें झारखंड की कला संस्कृति एवं इतिहास के साथ-साथ देश की गौरवशाली गाथा को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

मौके पर जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, हेडक्वार्टर डीएसपी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## अपूर्ण कार्यों को तय समय में पूरा कराएं : डीडीसी

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मुसाबनी प्रखंड के माटिगोड़ा एवं फॉरेस्ट ब्लॉक ग्राम पंचायत क्षेत्र में मंगलवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) नागेंद्र पासवान ने पीएम जनमन अंतर्गत सबर टोला में आवास योजना निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. उन्होंने अपूर्ण कार्यों को तय समय में पूरा करने का निर्देश दिया.प्रखंड मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में अबुआ आवास योजना और पीएम जनमन सबर आवास की प्रगति पर चर्चा हुई. डीडीसी ने बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त का भुगतान होने के बावजूद कई आवासों में 60 दिन या उससे अधिक समय से प्लिंथ, लिंटर



और पूर्ण निर्माण की जियो टैगिंग लंबित है. उन्होंने सभी पंचायत सचिव, कनिष्ठ अभियंता और ग्राम रोजगार सेवकों को एक सप्ताह में लंबित टैगिंग और निर्माण कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया.डीडीसी ने स्पष्ट किया कि पहली किस्त के बाद भी प्लिंथ स्तर का कार्य पूरा नहीं करने वाले लाभुकों की पहचान कर कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्यों से सक्रिय सहयोग का आग्रह किया, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव, जिला समन्वयक (आवास), जिला प्रशिक्षण समन्वयक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, ग्राम रोजगार सेवक सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### जुगसलाई में हर घर तिरंगा अभियान से नुक्कड़ नाटक

**जमशेदपुर :** जुगसलाई नगर परिषद हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्कूली बच्चों के साथ रोज नया कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। चित्राककला एवं निबंध प्रतियोगिता के बाद एई स्कूल एवं बाल भारती स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर तिरंगा के महत्व को रेखांकित किया। जुगसलाई के नगर परिषद कार्यालय ने बताया कि, स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलेगा। इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम के नृत्य, संगीत व भाषण प्रतियोगिता हुई थी।

## भादो मेला में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है सूचना जनसंपर्क विभाग




**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा जानकारी दी गयी कि राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के सफल संचालन के पश्चात भादो मेला, 2025 को लेकर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए 06 सूचना केन्द्र बनाये गये हैं, ताकि बिछड़े हुए श्रद्धालुओं से त्वरित सम्पर्क स्थापित करते हुए उनके परिजनों से मिलाया जा सके।

इसके अलावा मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सूचना व सहायता हेतु निम्न सूचना केन्द्रों के माध्यम से बिछड़े हुए श्रद्धालुओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं- नेहरू पार्क प्रवेश द्वार, सुविधा केन्द्र बाबा मंदिर, शिवगंगा गोलघर, बीएड कॉलेज, तिवारी चौक एवं जलसार चिल्ड्रेन पार्क है। इस सूचना केन्द्रों के माध्यम से अबतक 225 से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया गया हैं।


## पुण्यतिथि पर शत शत नमन




हम समस्त परिजनों की ओर से आपको भावभीनी श्रद्धांजलि

मिश्रा निवास
वार्ड संख्या 10
चक्रधरपुर